* ओड़िशा संस्करण

15 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 353

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


**हिमाचल-गुजरात में वोटिंग अलग, नतीजे साथ : हिमाचल में 12 नवंबर को पोलिंग, 8 दिसंबर को रिजल्ट**







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel



ASSOTECH
NEXT GENERATION SPACES

ASSOTECH HILLS RANCHI MORABADI
RERA REGD No.: JRERA/PROJECT/225/2019

# BEST-IN-CLASS AMENITIES & FEATURES FOR CONVENIENT LIVING





## AMENITIES

- CENTRAL GREEN PARK
- CLUB HOUSE
- SWIMMING POOL
- SPORTS FACILITY
- JOGGING TRACK
- YOGA & MEDITATION COURT
- COMMERCIAL PLAZA

| 1 BHK | 2 BHK | 2.5 BHK |
|---|---|---|
| 30 sq.mtr. (323 sq.ft.) | 45.23 sq.mtr. (487 sq.ft.) | 60 sq.mtr. (646 sq.ft.) |
| ₹22 LAKH* | ₹32 LAKH* | ₹42 LAKH* |

*Prices are all Inclusive

CONSTRUCTION IN FULL SWING

## LOCATION ADVANTAGES

- RANCHI AIRPORT – 14 KM
- RANCHI SCIENCE CENTRE – 1 KM
- VVPS SCHOOL – 500 METER
- PM MALL – 500 METER
- TWO PETROL PUMP – 500 METER

BANK LOAN AVAILABLE: SBI | punjab national bank ...the name you can BANK upon! | JRGB | LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra एक परिवार एक बैंक | HINDUJA HOUSING FINANCE

* terms & conditions apply

Exclusive Realty Partner
capdeal
Easy Real Estate
014166 52444

ASSOTECH LEGACY - BUILDING TO BELONG | 36 YEARS OF DELIVERING HOMES & HAPPINESS
• Over 45+ Projects Delivered • Presence in 6 States • 40,000+ Units Delivered

ASSOTECH SUN GROWTH ABODE L.L.P:
Site & Office Address: Assotech Hills, Tagore Hill Road, Adjoining Bank Colony, Boreya, Ranchi-834006 | www.assotechlimited.com

The images displayed are only artistic impression and not the actual photograph. Elevation, colour scheme and / or exterior appearances are subject to change and can be altered at the sole discretion of the company. This is purely conceptual and constitute no legal offering.

MEMBER CREDAI
Follow us on

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

15 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 353

परमाणु पनडुब्बी आइएनएस अरिहंत से बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण: सटीक निशाना साधा




SURJABASHA

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IXth
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

## कैश कांड और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी की कार्रवाई

# व्यवसायी अमित अग्रवाल और अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

- अधिवक्ता और व्यवसायी दोनों को माना दोषी
- कोलकाता पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने शुक्रवार को मनी लाउंड्रिंग मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और रांची हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया। जांच के दौरान इडी ने माना है कि व्यवसायी अमित ने एक जनहित याचिका में बाधा पहुंचाने के लिए घूस देने के लिए एप्रोच किया और घूस दी। अधिवक्ता राजीव कुमार ने घुस की रकम स्वीकार कर ली। इस मामले में दोनों दोषी हैं। इडी ने पहला आरोपी अमित को माना है। वहीं दूसरा राजीव को। दोनों फिलहाल जेल में बंद हैं। इडी ने चार्जशीट में कोलकाता पुलिस पर भी सवाल उठाया है। साथ ही यह भी लिखा है कि जांच को प्रभावित करने की कोशिश की गयी थी।

अमित अग्रवाल ने पैसा दिया था, जिसे अधिवक्ता ने स्वीकार कर लिया था। चार्जशीट में लिखा गया है कि दुर्गापुर के व्यवसायी सोनू अग्रवाल ने अधिवक्ता राजीव और उनके बेटे अभेद के लिए फ्लाइट की टिकट की व्यवस्था की थी। डील के मुताबिक पैसा कोलकाता में पहले जिस जगह देने की बात थी, वहां नहीं दिया गया। इसे दूसरी जगह मॉल में दिया गया। मॉल में क्यों पैसा दिया गया, इसका जवाब अमित अग्रवाल नहीं दे पाये। यहीं से साजिश की शुरुआत की बू भी आती है।





### 60 दिन पूरा करने से पहले चार्जशीट

इडी ने राजीव कुमार को 17 अगस्त को रिमांड पर लिया था। ऐसे में 60 दिन का समय पूरा होने के पहले ही इडी ने राजीव कुमार के मामले में शुक्रवार को चार्जशीट दाखिल कर दिया। आपको बता दें कि कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से बीते 31 जुलाई की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद से ही वह पहले कोलकाता की जेल में थे। बाद में इडी ने पूछताछ के लिए राजीव कुमार को 12 दिनों की रिमांड पर भी लिया था। वह अभी रांची जेल में बंद हैं।

### अमित ने किये हैं चौंकानेवाले खुलासे

वकील राजीव कुमार कैश कांड में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को इडी ने रिमांड पर लिया था। शुक्रवार को रिमांड की अवधि खत्म हो गयी। इसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इडी ने अमित अग्रवाल को फिर से रिमांड पर लेने के लिए अदालत से आग्रह नहीं किया, जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इडी की टीम कोलकाता के साल्टलेक आवास से व्यवसायी अमित अग्रवाल को पूछताछ के लिए रांची लायी थी। उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद बाद रिमांड पर लेकर छह दिनों तक उससे पूछताछ की गयी। जानकारी के अनुसार इन छह दिनों की रिमांड के दौरान अमित अग्रवाल ने इडी के समक्ष कई चौंकाने वाले खुलासे किये हैं।

# ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए विशेष तैयारी कर रही सरकार: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री चाईबासा में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में हुए शामिल
- 6,455 योजनाओं का शिलान्यास और 51 योजनाओं का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि खूंटी में ड्रैगन फ्रूट की खेती बड़े पैमाने पर हो रही है। झारखंड से बाहर जाने के बाद ड्रेगन फूड के मूल्य की बढ़ोत्तरी हो जाती है। ड्रेगन फ्रूट को और विस्तार देने के लिए विशेष तैयारी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चाइबासा में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन पूरे राज्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम का कैसे संचालन किया जा रहा है, उसे देखने और जानकारी लेने आपके बीच समय-समय पर आ रहा हूं। शिविर में विभिन्न योजनाओं से आपको जोड़ने के लिए योजनाओं को आपके दरवाजे तक भेज रहें हैं। राज्यवासी इसका लाभ लें।



### लोगों के अनुरूप योजनाओं का सृजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेटियों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है। पलायन करने की आवश्यकता नहीं। आप शिविर में आएं और योजना का लाभ लें। यहां के लोगों के अनुरूप योजनाओं का सृजन किया गया है। खेती बारी से लेकर स्वरोजगार तक की योजनाएं संचालित की जा रही है। सुखाड़ को देखते हुए योजना बनाकर पदाधिकारियों को आपके द्वार भेजने का कार्य कर रहें हैं। पशुपालन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। स्वरोजगार के दरवाजे भी खुले हैं। रोजगार सृजन योजना के जरिए युवा विभिन्न तरह के व्यवसाय कर सकते हैं। हर पंचायत में योजना का शुभारंभ होगा। समय पर पेंशन और समय पर मैनरेगा के श्रमिकों को होगा पारिश्रमिक का भुगतान। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को 75 प्रतिशत रोजगार देने का कानून बना चुके हैं। जल्द शिविर लगाकर इस कार्य को गति दी जाएगी। वनोपज के लिए बड़े पैमाने पर नियमावली बनाई है। एम एस पी तय करेंगे ताकि वनोपज को बेहतर मूल्य प्राप्त हो सके।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता व जोबा माझी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक दीपक बिरुवा, निरल पूर्ति, दशरथ गागराई, सुखराम उरांव, सबिता महतो और विधायक सोनाराम सिंकु के अलावा जिला के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING
ANM GNM
POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS DMLT ECG
X-RAY OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY
D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

# ढुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति मामले में एसबीआइ पटना को बनाया गया प्रतिवादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच का आग्रह करनेवाली सोमनाथ चटर्जी की याचिका मामले में झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पटना को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व आयकर विभाग की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ढुल्लू महतो की संपत्ति के बारे में एसबीआइ पटना की ओर से कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, जिसके बाद कोर्ट ने प्रतिवादी बनाने का निर्णय दिया और मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने आयकर विभाग से ढुल्लू महतो की संपत्ति के संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और पूछा था कि कोर्ट के आदेश के आलोक में अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई है। राज्य सरकार को भी कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह आयकर विभाग को आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराये। प्रार्थी की ओर से बताया गया था कि ढुल्लू महतो की कई संपत्ति है, और इसकी कीमत 670 करोड़ से अधिक है। ढुल्लू महतो ने चुनाव लड़ते समय अपनी संपत्ति का सही विवरण नहीं दिया था।

# कैश कांड में उच्च न्यायालय ने किया तीनों विधायकों के खिलाफ जांच में रोक से इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता में 46 लाख के साथ पकड़े गये कांग्रेस से निलंबित तीन विधायकों इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी की ओर से रांची में किये गये जीरो एफआइआर को कोलकाता ट्रांसफर के खिलाफ दाखिल याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट में हुई। सुनवाई के बाद हाइकोर्ट ने झारखंड और बंगाल सरकार से इस मामले में शपथ पत्र दायर करने को कहा है। वहीं कोलकाता पुलिस को मामले की जांच को जारी रखने का निर्देश दिया है, लेकिन कोर्ट ने चार्जशीट दायर करने पर रोक लगायी है। हाइकोर्ट ने इन तीनों विधायकों के खिलाफ जांच में किसी प्रकार के रोक लगाने से इंकार किया है।

आपको बता दें कि इन तीन विधायकों के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाने में अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर हुआ था, जिसे कोलकाता ट्रांसफर कर दिया गया था। विधायकों ने इसे कोलकाता भेजे जाने को निरस्त करने मांग की है। प्रार्थी विधायकों का कहना है कि इसकी जांच कोलकाता में नहीं झारखंड में होनी चाहिए। इस हाइप्रोफाइल मामले में भारत सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अनिल कुमार एवं सीनियर पैनल काउंसिल विनोद कुमार साहू, बंगाल सरकार के ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा, झारखंड सरकार के तरफ से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार एवं याचिकाकर्ता विधायकों के तरफ से इंद्रजीत सिन्हा ने मामले में पक्ष रखा।

विदित हो कि झारखंड के तीन विधायकों के खिलाफ कांग्रेस विधायक अनूप सिंह की ओर से जीरो एफआईआर दर्ज किया गया है, जिसमें अनूप सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में इन विधायकों के शामिल होने का आरोप लगाया है। इन तीन विधायकों के बेल पर सुनवाई करते हुए कोलकाता हाइकोर्ट ने पुलिस को 10 नवंबर को जांच रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उक्त तीनों विधायकों को 46 लाख कैश के साथ 30 जुलाई को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में कोलकाता पुलिस ने पकड़ा था। कोलकाता हाइकोर्ट ने उन्हें तीन महीने की सशर्त जमानत दी है।

कलकत्ता हाइकोर्ट ने कहा है कि इन तीनों को अपने पासपोर्ट जमा करने होंगे। साथ ही इन तीनों को 3 महीने तक कोलकाता में ही रहना होगा।

# पटना के बिल्डर गब्बू सिंह के ठिकानों पर आइटी का छापा

- जदयू अध्यक्ष ललन सिंह के करीबी हैं गब्बू सिंह
- 31 जगहों पर एक साथ की जा रही है रेड

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिल्डर और होटल कारोबारी गब्बू सिंह के कई ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह से आयकर विभाग (आइटी) की छापेमारी चल रही है। जानकारी के अनुसार गब्बू सिंह के लगभग 31 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है। गब्बू सिंह के ठिकानों के साथ साथ उनके स्टाफ के अलग-अलग ठिकानों पर भी छापेमारी हो रही है। खबर लिखे जाने तक आइटी की कार्रवाई जारी थी। गब्बू सिंह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद ललन सिंह के काफी करीबी माने जाते हैं। उनका संबंध ललन सिंह से काफी अच्छा रहा है। हालांकि, गब्बू सिंह राजनीति में बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं हैं, लेकिन वो जदयू से जुड़े हुए हैं।

### घर से दफ्तर तक कई जगहों पर रेड

बिल्डर गब्बू सिंह के पटना के शिवपुरी इलाके स्थित घर में सुबह करीब छह बजे आयकर की टीम पहुंची। उनके पटना के बोरिंग रोड स्थित कार्यालय गोविंदा कंस्ट्रक्शन समेत अन्य जगहों पर चापामारी चल रही है। पटना के अलावे गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली में भी रेड चल रही है। जदयू के नेता डब्बू सिंह की इस कंपनी में बड़ी हिस्सेदारी है। वह कंपनी के निदेशक हैं। छापेमारी में क्या-क्या मिला है, अभी इसकी अधिकारिक रूप से घोषणा नहीं की गयी है। हालांकि सूत्रों का कहना है भारी मात्रा में नकद और इन्वेस्टमेंट के कागजात मिले हैं।

# फिर सुप्रीम कोर्ट जायेगा ज्ञानवापी विवाद

- वाराणसी कोर्ट ने जांच की याचिका खारिज की
- जांच से ही पता चलती शिवलिंग की हकीकत

आजाद सिपाही संवाददाता

**वाराणसी।** वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में मिले 'कथित शिवलिंग' की उम्र का पता लगाने के लिए कार्बन डेटिंग नहीं होगी। चार हिंदू महिलाओं ने ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिली शिवलिंग जैसी संरचना की वैज्ञानिक जांच कराने की मांग की थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) से यह जांच कराने की मांग थी। वाराणसी जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश ने यह याचिका खारिज कर दी। ज्ञानवापी केस की अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।



फैसले के बाद मुस्लिम पक्ष के वकील मोहम्मद तौहीक खां ने कहा कि जिला कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और जनता की धार्मिक भावना को ध्यान में रखते हुए कार्बन डेटिंग या किसी अन्य वैज्ञानिक पद्धति से कथित शिवलिंग की जांच की मांग खारिज कर दी है। हमने उनकी मांग का इसी आधार पर विरोध किया था कि कथित शिवलिंग की जांच की मांग मुकदमे से संबंधित नहीं है। यहां तो सिर्फ पूजा का अधिकार मांगा गया था।

हिंदू पक्ष के वकील शिवम गौड़ ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कथित शिवलिंग मिलने की जगह को सुरक्षित और संरक्षित किया जाये। इसका हवाला देते हुए जिला कोर्ट ने कार्बन डेटिंग या अन्य वैज्ञानिक पद्धति से जांच की मांग खारिज कर दी है। अब हिंदू पक्ष सुप्रीम कोर्ट जायेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1st Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 15 अक्टूबर, 2022
www.azadsipahi.com



### भाजपा ने अपनी शीर्ष टीम को उतार दिया है प्रचार अभियान में, कांग्रेस और दूसरी पार्टियां अभी ग्राउंड वर्क में ही व्यस्त

# छह चुनावी राज्यों में प्रचार के पहले राउंड में भाजपा को एडवांटेज

**2024 के आम चुनाव से पहले छह राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है और इसके लिए माहौल बनना शुरू हो गया है। तमाम राजनीतिक दल अपनी चुनाव मशीनरी को सक्रिय करने से लेकर रणनीति बनाने और प्रचार अभियान में जुट गये हैं। अब तक जो हकीकत धरातल पर नजर आ रही है, उससे पता चलता है कि इन छह राज्यों, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में भाजपा ने विपक्षियों पर चुनावी प्रचार में बढ़त बना ली है। भाजपा ने चुनावी रणनीति बनाते हुए प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर तमाम दूसरे बड़े नेताओं और मंत्रियों को उतार कर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से सीधा संवाद करना शुरू कर दिया है। फिलहाल इन छह राज्यों में से राजस्थान, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में भाजपा का शासन नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, इन तीन राज्यों की भी तस्वीर साफ होती जा रही है। इन तीन राज्यों में से खासकर राजस्थान में तो माहौल भाजपा के अनुकूल है, बाकी दोनों राज्यों के लिए भी भाजपा ने जोर लगा दिया है। भाजपा की कार्यप्रणाली को नजदीक से जाननेवाले जानते हैं कि यह पार्टी किसी भी चुनाव को हल्के ढंग से नहीं लेती है और इसकी चुनाव मशीनरी हमेशा तैयार रहती है। इसलिए इन चार राज्यों में भी भाजपा कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। दूसरे दल जहां अभी इन राज्यों में ग्राउंड वर्क करने में व्यस्त हैं, वहीं भाजपा ने पहला चक्र पूरा कर लिया है और आगामी चुनाव में इसका लाभ उसे निश्चित तौर पर मिलेगा। इन छह राज्यों में चल रही राजनीतिक गतिविधियों में भाजपा और दूसरे दलों की तुलना कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह



18वीं लोकसभा के लिए 2024 में होनेवाले आम चुनाव से पहले जिन छह राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां का राजनीतिक तापमान बढ़ने लगा है। इन छह राज्यों में से सबसे पहले हिमाचल प्रदेश में चुनाव नवंबर में होगा। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में अगले साल विधानसभा चुनाव होगा। लेकिन इन राज्यों में माहौल अभी से ही चुनावी हो चला है। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना को छोड़ बाकी चार राज्यों में एक तरफ जहां भाजपा के सामने सत्ता बचाने की चुनौती है, वहीं विपक्ष के लिए ये चुनाव करो या मरो की तरह हैं। इसलिए यह जानना दिलचस्प है कि इन राज्यों में राजनीतिक गतिविधियां कैसी चल रही हैं और प्रचार अभियान के पहले चरण में कौन आगे है।

इन राज्यों में चुनाव प्रचार भाजपा के नेता भी कर रहे हैं और कांग्रेस और दूसरे दलों के भी। बस अंतर इतना है कि भाजपा विधानसभा चुनावों को लेकर संबंधित राज्यों में अपनी पूरी ताकत से जुटी है, जबकि कांग्रेस के नेता अगले हफ्ते होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए प्रचार करने में अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। दूसरे विपक्षी दल भी अभी ग्राउंड वर्क ही कर रहे हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि विधानसभा चुनाव के नजरिये से कांग्रेस और दूसरे दल फिलहाल प्रचार के लिहाज से अभी भी बैकफुट पर ही हैं। हालांकि कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि जिसे विरोधी बैकफुट पर कह रहे हैं, दरअसल कांग्रेस की वही सबसे बड़ी ताकत हैं और वही उसकी तुरूप की चाल भी है।

## भाजपा ने शुरू किया संवाद बनाना

इस साल से लेकर अगले साल तक देश के अलग-अलग अहम राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। भाजपा नेतृत्व ने योजनानुसार चुनावी रणनीति बनाते हुए गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में चुनावी रणनीति के तहत प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर तमाम दूसरे बड़े नेताओं और मंत्रियों के कार्यक्रमों का आयोजन कर जनता से सीधा संवाद करना शुरू कर दिया है। भाजपा के बड़े नेता लगातार इन राज्यों में जाकर बड़ी-बड़ी रैलियां, बड़े-बड़े कार्यक्रम और आयोजनों के माध्यम से शिरकत कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस और दूसरे दलों के नेता भी इन राज्यों में पहुंच रहे हैं, लेकिन उनका मकसद थोड़ा बदला हुआ है। सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि जिन राज्यों में चुनाव अगले कुछ महीनों में होने हैं, वहां पर तो कम से कम पार्टी के दिग्गज नेताओं को जाकर रैलियां और चुनावी जनसभाएं करनी ही चाहिए। केवल गुजरात अपवाद है, जहां आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक रखी है और वह दूसरा स्थान हासिल करने की होड़ में कांग्रेस से आगे निकल चुकी है। अब कांग्रेस को इस बात के लिए जरूरत से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है कि वह अपना चुनाव प्रचार राज्यों में होने वाले विधानसभा के चुनावों के लिए कर रही है या अगले हफ्ते होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनावों के लिए। अभी तो ऐसा लग रहा है कि अभी पार्टी के चुनिंदा नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनावों के लिए ज्यादा तैयारियों में लगे हैं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बीते कुछ हफ्ते का अगर भाजपा का रिपोर्ट कार्ड उठा कर देखा जाये, तो साफ होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर तमाम अन्य बड़े नेता और मंत्री राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हमाचल प्रदेश और तेलंगाना समेत पूर्वांचल के राज्यों पर फोकस करते हुए अपनी चुनावी जनसभाओं को लगातार बढ़ा रहे हैं। भाजपा की आक्रामक रणनीति ही पार्टी को कई मामलों में आगे खड़ा करती है, जबकि कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को भी उसी आक्रामकता के साथ अलग-अलग राज्यों में चुनाव प्रचार रैलियों और जनसभाओं के माध्यम से जनता से संवाद करना चाहिए। हालांकि ऐसा नहीं है कि विपक्षी दलों, खास कर कांग्रेस के नेता इन राज्यों में चुनाव प्रचार नहीं कर रहे हैं, लेकिन जिस कद के नेताओं को चुनावी राज्यों में प्रचार करना चाहिए, वे अभी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव में व्यस्त हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त कांग्रेस

दरअसल कांग्रेस के चुनावी राज्यों में बड़े नेताओं की शिरकत न कर पाने के पीछे बहुत बड़ी वजह कांग्रेस की चल रही भारत जोड़ो यात्रा भी है। कांग्रेस के जिन बड़े चेहरों को इस वक्त गुजरात, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना या पूर्वोत्तर के राज्यों में होना चाहिए, वे इस वक्त राहुल गांधी के साथ कांग्रेस जोड़ो यात्रा में मौजूद हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता इस पर सवाल उठाते हुए कहते हैं कि आप बीते कुछ दिनों का दौरा ही देख लीजिए, तो आपको पता चल जायेगा कि कांग्रेस के जिन नेताओं की उत्तर भारत में अच्छी पकड़ है, वे दक्षिण भारत में राहुल गांधी के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। जबकि रणनीतिक तौर पर ऐसे नेताओं को चुनावी राज्यों की कमान संभालनी चाहिए और वहां पर धुआंधार तरीके से प्रचार करना चाहिए, जैसा कि भाजपा और गुजरात में आप के नेता कर रहे हैं।

हालांकि कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बकायदा चुनावी राज्यों में बड़े नेताओं की जनसभाओं और रैलियों और कार्यक्रमों का कार्यक्रम तय किया जा रहा है। चुनावी रणनीति के लिहाज से सब कुछ हो भी रहा है। हालांकि दबी जुबान से पार्टी के एक नेता कहते हैं कि जब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो जाता., तब तक विधानसभा चुनावों में इन बड़े नेताओं की सक्रियता नहीं दिख सकती। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ पदाधिकारी कहते हैं कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के दावेदारों में शामिल मल्लिकार्जुन खड़गे दो दिन पहले चंडीगढ़ में थे। उन्होंने वहां पर बैठक की और हिमाचल प्रदेश, जो चुनावी राज्य है, वहां के नेताओं से भी मुलाकात की। पार्टी के नेताओं का कहना है कि जब पार्टी के नेता ऐसे माहौल में चुनाव प्रचार करने जाते हैं, तो वे विधानसभा चुनावों की भी पूरी रणनीति को समझते हैं और दिशा निर्देश भी देते हैं।

### कांग्रेस कार्यकर्ता हैं उत्साहित

हालांकि इन सबसे इतर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि जिसे लोग कांग्रेस चुनाव प्रचार के लिहाज से बैकफुट पर मान रहे हैं, दरअसल वह कांग्रेस की रणनीति को समझ नहीं पा रहे हैं। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी लगातार चुनावी राज्यों में न सिर्फ संपर्क कर रहे हैं, बल्कि अपनी चुनावी रणनीति के लिहाज से पूरी योजना को आगे बढ़ा भी रहे हैं। इसके अलावा वरिष्ठ नेता का कहना है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जो करंट पूरे देश में कांग्रेसी कार्यकताओं और चुनावी राज्यों में पहुंच रहा है, वही पार्टी के लिए एक बड़ी तुरूप की चाल सरीखा है। इसके पीछे वह तर्क देते हुए कहते हैं कि पार्टी के कई बड़े नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष के होने वाले चुनाव के माध्यम से सिर्फ चुनावी राज्य ही नहीं, बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों के कार्यकताओं पदाधिकारियों और डेलीगेट से संपर्क स्थापित कर रहे हैं, जो विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिहाज से भी मुफीद है। उनका कहना है कि भाजपा सत्ता में है, इसलिए उनके चुनावी कार्यक्रम और बड़ी-बड़ी योजनाओं के शुभारंभ और उद्घाटन दिख जाते हैं, जबकि कांग्रेस उनसे ज्यादा मेहनत करके जनता के बीच पहुंच रही है।

लेकिन जमीनी हकीकत तो फिलहाल यही बताती है कि भाजपा ने चुनाव प्रचार अभियान में विपक्षियों पर भारी बढ़त बना ली है। अब विपक्षी दल जब वास्तविक चुनाव प्रचार में उतरेंगे, तब तक भाजपा दूसरे चक्र का अभियान शुरू कर चुकी होगी और यही रणनीति उसे विधानसभा चुनावों में सफलता की राह पर आगे बढ़ायेगी।

# वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी कल आयेंगे रांची

**पदाधिकारियों से मिलेंगे और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी रविवार को रांची आयेंगे। तीन दिनों के झारखंड प्रवास के दौरान वह अपनी पार्टी के पदाधिकारियों से मिलेंगे और संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करेंगे। पार्टी के छात्र मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी चंदन सहनी ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी रविवार की सुबह रांची पहुंचेंगे और उसी दिन पार्टी के प्रदेश कमेटी के लोगों से मिलकर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को सहनी विधानसभा मैदान में आयोजित पार्टी के राज्यस्तरीय और जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने कहा कि वीआइपी का झारखंड में विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पार्टी का बड़ा सम्मेलन रांची में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 17 अक्टूबर को पार्टी प्रमुख का स्वागत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंडी परंपरा और रीति रिवाज के साथ किया जायेगा। इनके स्वागत में पूरे शहर में तोरण द्वार और पार्टी के झंडा बैनर से पाट दिया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में संगठन का विस्तार हो रहा है। चंद्रशेखर विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विज्ञान स्वरूप सिंह अपने समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल होंगे।

# इमदाद को बेल देने से हाइकोर्ट का इनकार

**वकील मनोज झा मर्डर केस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अधिवक्ता मनोज झा हत्याकांड के आरोपी इमदाद अंसारी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। शुक्रवार को इमदाद अंसारी के बेल पिटीशन पर सुनवाई पूरी होने के बाद हाइकोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए उसकी अर्जी खारिज कर दी। सूचक की ओर से बहस करते हुए झारखंड हाइकोर्ट के वकील हेमंत शिकरवार ने अदालत को बताया कि मनोज झा पेशे से वकील थे। उनकी हत्या इसलिए की गयी, क्योंकि वे अपने क्लाइंट का केस लड़ रहे थे। केस छोड़ने के लिए उन्हें धमकी दी जा रही थी। आरोपी इमदाद अंसारी की ओर से अधिवक्ता बीके ओझा ने बहस की। झारखंड हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। दिवंगत अधिवक्ता मनोज झा के परिजनों के मुताबिक, उनका केस लड़ने के लिए अधिवक्ता हेमंत शिकरवार ने कोई फीस नहीं ली। बता दें कि पिछले वर्ष रांची सिविल कोर्ट के वकील मनोज झा की तमाड़ में गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड में कई लोगों को आरोपी बनाया गया है, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। दो आरोपियों का बेल पिटीशन हाइकोर्ट पहले ही खारिज कर चुका है।

# एफएसएल में रिक्त पदों पर नियुक्ति मामले में गृह सचिव हाइकोर्ट में तलब

**मामले की अगली सुनवाई 9 नवंबर को**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री में तृतीय और चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर नियुक्ति मामले की झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर कड़ी नाराजगी जतायी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में गृह सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होकर मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ( जेएसएससी ) से भी कहा है कि सरकार द्वारा उसे नियुक्ति से संबंधित जो अधियाचना भेजी गयी है, उस पर इंस्ट्रक्शन लेकर कोर्ट को वह बताये। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बताया जा रहा है कि इस मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि फॉरेंसिक साइंस लैबोरेट्री में चतुर्थ वर्गीय पदों के लिए जेएसएससी को अधियाचना भेज दी गयी है। आउटसोर्सिंग पर लिये गये कर्मियों को रेगुलराइज करने के लिए बैठक की जा रही है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी। अपनी मौखिक टिप्पणी में कोर्ट ने कहा कि जब कोर्ट एफएसएल में नियुक्ति के संदर्भ में मॉनिटरिंग कर रहा है, तो कोर्ट से बिना पूछे कैसे इस संबंध में बैठक की जा रही है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 9 नवंबर निर्धारित की। पूर्व की सुनवाई में अदालत ने सरकार से पूछा था कि तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कितने पद स्वीकृत हैं, साथ ही रिक्त पदों की संख्या और काम कर रहे कर्मचारियों की संख्या कितनी है। सरकार से इस संबंध में जानकारी शपथ पत्र के माध्यम से मांगी गयी थी। सरकार की ओर से पूर्व में बताया गया था कि रिक्त पदों पर जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से जो अनुशंसा की गयी थी, उसकी नियुक्ति हो गयी है।

### जानकारी ली : एडीजी अभियान पहुंचे कंट्रोल रूम, दिये कई दिशा निर्देश

# पीड़ितों की समस्याओं को सुनें और तुरंत रिस्पांस दें: संजय लाटकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एडीजी अभियान संजय लाटकर शुक्रवार को कंट्रोल रूम पहुंचे। रांची एसएसपी, वायरलेस एसपी सीसीआर के अधिकारियों के साथ बैठक की। राज्य में संचालित डायल 100 और 112 की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डायल नंबर पर फोन करने वाले पीड़ितों की समस्याओं को सुनने और तुरंत रिस्पांस देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारी और कर्मचारी को फोन करनेवाले को जय हिंद बोल कर संबोधन करने को कहा। उन्होंने डायल नंबर पर आनेवाले फोन कॉल्स के बारे में पीसीआर और टाइगर जवानों को लोकेशन की सही जानकारी देने को कहा, ताकि सही तरीके से कार्रवाई हो सके। पीसीआर को निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई के बाद सीसीआर को इसकी जानकारी दी जाये, ताकि वरीय अधिकारियों को जानकारी मिल सके। आने वाले दिनों में 100 और 112 को मर्ज किया जाना है। ऐसे में सीसीआर में तैनात पुलिस कर्मियों की जिम्मेदारी और बढ़ेगी। मीटिंग के दौरान खराब उपकरणों की चर्चा हुई, जिन्हें बदलने को लेकर एडीजी ने निर्देश दिये हैं, वहीं सीसीआर में आठ घंटे से ज्यादा की ड्यूटी नहीं कराने का निर्देश भी एडीजी ने दिया है। राज्य में डायल 100 और 112 दोनों सुचारू रूप से काम कर रहा है। डायल 112 के रिस्पांस टाइम पर ट्रैकिंग सिस्टम को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। एडीजी 112 कंट्रोल रूम भी पहुंचे। वहां बैठक में तकनीक सुविधाओं पर चर्चा हुई। बैठक मोबाइल कंपनियों के नेटवर्क को लेकर था। शिकायत मिल रही थी कि कई इलाकों में नेटवर्क काम नहीं करने की वजह से पुलिस घटनास्थल पर समय से नहीं पहुंच पाती है। समस्या को सुलझाने के लिए एसएसपी को निर्देश दिया गया कि वायरलेस एसपी और सभी नेटवर्क ऑपरेटर के साथ बैठक कर इस समस्या का समाधान करें, डायल 112 में कॉल आने पर कॉलर का लोकेशन भी आ जाता है। इसी लोकेशन के आधार पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचती है, लेकिन नेटवर्क नहीं मिलने पर समस्या का सामना करना पड़ता है।

# सहारा श्री के खिलाफ डोरंडा थाना में प्राथमिकी के लिए आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शुक्रवार को सहारा श्री सुब्रत रॉय के खिलाफ दर्जनों पुरुष महिलाओं ने डोरंडा थाना में लिखित शिकायत की और थाना परिसर में सहारा इंडिया के खिलाफ घेराव किया। कई लोगों की पॉलिसी मैच्योर होने के बाबजूद पैसा नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि सहारा में काफी संख्या में लोगों ने अपना पैसा निवेश किया है, परंतु जब वे पैसा वापस लेने जाते हैं, तो उन्हें कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। निवेशक यहां-वहां भटक रहे हैं, फिर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान डोरंडा थाना में दर्जनों लोगों ने नारेबाजी की। अगुवाई कांग्रेस नेता आलोक दुबे ने की। थाना पहुंचे लोगों का कहना था कि जीवन की गाढ़ी कमाई डूब गयी। थाना प्रभारी द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर भेज दिया गया। सामूहिक रूप से पहुंचे लोगों ने थाने में प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है।

## ओरला में छठ पूजा समिति की बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। छठ पूजा समिति की बैठक ओरला मण्डा टांड में हुई। बैठक की अध्यक्षता निर्मल करमाली व संचालन ज्योतेंद्र प्रसाद साहू ने की। बैठक के दौरान छठ व्रतियों के आने-जाने वाले रास्ते की साफ-सफाई, बिजली समेत बेहतर सेवा-सुविधा मुहैया कराने को लेकर चर्चा की गई। बाद में छठ पूजा समिति गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष शशि नायक, उपाध्यक्ष नरेश करमाली, सचिव शंकरदयाल शर्मा, सहसचिव अशोक यादव, कोषाध्यक्ष राजू कुमार, सह कोषाध्यक्ष राजकुमार तूरी, संरक्षक जिप सदस्य दयामन्ती देवी, मुखिया गुड़िया देवी, उपमुखिया विजय पासवान, दुलारी देवी, ज्योतेंद्र प्रसाद साहू, हरिशंकर प्रसाद साहू, निर्मल करमाली, कैलाश करमाली, उमेश करमाली, मगन नायक का मनोनयन किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्षेत्र के समस्याओं को लेकर भूमि एवं राजस्व सचिव से मिले सिमरिया विधायक

टंडवा (आजाद सिपाही)। सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने झारखंड सरकार के भूमि एवं राजस्व विभाग के सचिव के के सोन से मुलाकात कर क्षेत्र के कई समस्याओं को उनके समक्ष रखा उसे जल्द निदान करने का मांग किया है। जानकारी के अनुसार सीसीएल तथा अन्य कंपनियों के द्वारा अधिग्रहित गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी भूमि का प्रशासनिक सत्यापन जल्द से जल्द कर ग्रामीणों को उचित लाभ दिलवाने का मांग किया है। साथ ही साथ एनटीपीसी गहरी जलाशय के लिए अधिग्रहित भूमि को रैयतों को वापस करने का मांग विधायक के द्वारा सचिव के समक्ष किया गया है। जानकारी के अनुसार गैरमजरूआ जंगल झाड़ी किस्म का जिला प्रशासन के द्वारा रैयतों के नाम सत्यापन नहीं होने से उचित नौकरी तथा विस्थापन तथा अन्य मिलने वाले लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। जिस वजह से समय-समय पर विधि व्यवस्था की भी समस्या उत्पन्न होते रहता है। वहीं एनटीपीसी के द्वारा गहरी जलाशय के लिए अधिग्रहित भूमि को जल्द से जल्द ग्रामीणों को वापस करने की मांग किया है।

## सम्मानित हुए बरकाकाना ओपी के पूर्व थाना प्रभारी मंटू चौधरी



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रोटरी सामुदायिक संगठन नया नगर बरकाकाना एवम भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त तत्वाधान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बरकाकाना ओपी के पूर्व थाना प्रभारी मंटू चौधरी उपस्थित रहे। समारोह का संचालन रोटरी सामुदायिक संगठन के संस्थापक अध्यक्ष सुनील कुमार ने किया। समारोह में पूर्व थाना प्रभारी मंटू चौधरी को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। भारतीय मजदूर संघ के संगठन मंत्री कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा थाना प्रभारी के रूप में मंटू चौधरी का योगदान सराहनीय रहा है इनके कार्यकाल में पुलिस पब्लिक में मधुर संबंध स्थापित रहा है जो सदैव लोगों को स्मरण रहेगा। वहीं आरसीसी के सचिव अवधेश शर्मा ने इनके कार्यकाल को प्रशंसनीय कहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा मेरे कार्यकाल के दौरान आमलोगों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ जो जीवन भर याद रहेगा। समारोह में उपस्थित लोगों ने इनके बेहतर स्वास्थ्य के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक सतपाल वोहरा, आरसीसी के पूर्व अध्यक्ष रविन्द्र मुंडा, वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा, रमण बेदिया, रामा ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता अजीत कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद राणा, दीपक कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## सिकनी पंचायत आजसू महिला समिति का हुआ पुनर्गठन, विनीता देवी बनीं अध्यक्ष



रजरप्पा (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के केंद्रीय दिशा निर्देशानुसार रामगढ़ के दुलमी प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत सिकनी में महिला संगठन का विस्तार को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष लीलावती देवी व संचालन आजसू नेता जोगेन्द्र महतो ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी सरिता देवी तथा विशिष्ट प्रखंड प्रवक्ता छोटेलाल महतो, मिडिया प्रभारी राजेन्द्र रमन पटेल, पूर्व मुखिया किलश महतो, उपस्थित थे। बैठक में कार्यकताओं को आजसू पार्टी के विचारधारा से अवगत करते हुए वर्तमान सरकार के वादाखिलाफी से भी अवगत कराया और आजसू महिला पंचायत समिति का पुनर्गठन एवं विस्तार किया गया। साथ ही 16 अक्टूबर को होने वाले महिला मोर्चा की जिला सम्मेलन को सफल बनाने पर चर्चा किया गया। वहीं सर्वसम्मति से सिकनी पंचायत अध्यक्ष विनीता देवी, सचिव सोनी देवी, कोषाध्यक्ष सुदामा देवी कार्यकारी अध्यक्ष आरती देवी, उपाध्यक्ष विमला देवी, को बनाया गया। मौके पर पंचायत उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार महतो, समाजसेवी हरिकिशुन महतो, आजसू नेता टुल्लू महतो, केदार महतो, बिनोद महतो, बलेंन महतो, आरती देवी सरिता देवी, संजू देवी बबिता देवी, सावित्री देवी, रीता देवी, खुशबू कुमारी, मालती देवी, किरण कुमारी, सहित कई कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद थी।

## राज्य के मुख्यमंत्री का आजसू ने किया पुतला दहन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण नहीं देने से स्पष्ट होता है कि हेमंत सोरेन की सरकार ओबीसी की हितैषी नहीं है, सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के बावजूद ट्रिपल टेस्टिंग करवा कर चुनाव कराने का था, परंतु हेमंत सोरेन की सरकार ने बिना ट्रिपल टेस्ट करवा कर ओबीसी जैसे बड़े तबके के लोगों के साथ अन्याय करने पर आमदा है। उक्त बातें शुक्रवार को आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने कही। उन्होंने कहा कि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में ओबीसी आरक्षण को लेकर जनहित याचिका दायर की थी, जिसके आलोक सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को ट्रिपल टेस्ट कराने का आदेश दिया था। पंचायत चुनाव में झारखंड सरकार के द्वारा हलफनामा दायर करते हुए या कहा गया था किस समय के अभाव के कारण पंचायत चुनाव में ट्रिपल टेस्ट कराना संभव नहीं है, परंतु आने वाले चुनाव में ट्रिपल टेस्ट करवा कर नगर निकाय चुनाव को संपन्न करवाएंगे। हाल ही के दिनों में सरकार के द्वारा कैबिनेट में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव पारित कर झारखंड की बड़ी आबादी को ठगने का काम किया है।

## भुरकुंडा पंचायत में छठ पूजा युवा समिति की हुई बैठक



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा पंचायत भवन में शुक्रवार को श्री श्री छठ पूजा युवा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान और संचालन अनिल पासवान व सागर कुमार ने किया। बैठक में कहा गया की इस वर्ष भी छठ पूजा में प्रसाद और दूध का भी वितरण किया जाएगा साथ ही विधि व्यवस्था, साफ - सफाई, लाइट व्यवस्था, प्रसाद वितरण आदि पर चर्चा किया गया। मौके पर कमेटी के लोगो ने बताया कि हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद नई कमेटी का गठन किया गया जिसमे अध्यक्ष रोशन पासवान,उपाध्यक्ष संतोष तुरी,उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा,सचिव अभिषेक सोनी,सह सचिव गुरदीप सिंह रेखी,कोषाध्यक्ष सागर कुमार,सह कोषाध्यक्ष रोशन राम,सक्रिय सदस्य अनिल पासवान, मंसूर खान, पंकज कुमार, विनय कुमार, सनी सिंह, संतोष, मंत्री, नरेंद्र कुमार,भोला चौहान, जय सिंह, दीपक ठाकुर, अनील नायक, पिंटू साहू, पंकज पासवान, विशाल अंथोनी, जीतू कुमार, बिट्टू गुप्ता, राकेश राम को बनाया गया। मौके पर मंसूर खान, रौशन पासवान, संतोष तुरी, मन्नी कुमार, अनिल पासवान, पंकज खरवार , विनय कुमार, अभिषेक सोनी, भोला चौहान, जय सिंह, रौशन राम, सहित कई लोग शामिल थे।

### एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की मासिक अपराध समीक्षा बैठक

# पांच वर्षों से लंबित कांडों का करें निष्पादन अपराध पर कसें नकेल : पीयूष पांडेय



**बीरू कुमार**

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को छत्तरमांडू स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले के सभी थाना व ओपी प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक किया। बैठक में एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को हमेशा अपनी ड्यूटी के प्रति ईमानदार रहने का सख्त निर्देश दिया है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

बैठक में मुख्यालय डीएसपी संजीव मिश्रा, रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार चौधरी, रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार, रजरप्पा थाना प्रभारी विधाशंकर, गोला सर्किल इंस्पेक्टर राजेश कुमार, यातायात प्रभारी विपिन कुमार, कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद, मांडू थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंतिया, बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार, भदानीनगर ओपी प्रभारी दुगार्शंकर मंडल, बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, गोला थाना प्रभारी सिद्धान्त कुमार, बरलंगा ओपी प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों पर विशेष फोकस

इधर एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि बैठक में 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित कांडों का समीक्षा किया गया। जिसके बाद पुलिस पदाधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देश किया गया है कि लंबित कांडों का अवलोकन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का कड़ी हिदायत दी गई है। कांडों के निष्पादन के प्रति लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश मुख्यालय से वैसे कांडों के प्रति विशेष दिशा निर्देश दिया गया है जो पिछले 5 वर्षों से लंबित है।

### दीपावली और छठ पर्व पर रखें विशेष ख्याल तालाबों पर किसी को नहीं हो परेशानी

एसपी ने बताया कि आगामी दीपावली और छठ पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को विशेष तौर पर निर्देशित किया गया है। कहा गया है कि अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त बढ़ाकर असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। साथ ही छठ पर्व के दौरान छठ तालाबों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें। जब तक छठ वर्ती से लेकर महिलाएं और युवतियां छठ तलाब से अपने घर ना चले जाए। तब तक तलाब पर अपने ड्यूटी के प्रति सजग और सतर्क रहें। ताकि कोई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार जैसी घटना न घटे।

### केस निष्पादन के साथ वारंटियों को करें गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों का निष्पादन के साथ वारंटियों को गिरफ्तार करने का भी निर्देश दिया गया है। साथ ही संदिग्धों पर नजर रखकर उस पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## स्व. किशोर कुमार की 35 वीं पुण्यतिथि पर उनके गीतों से लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध गायक स्व किशोर कुमार की 35 वीं पुण्यतिथि पर किशोर कुमार फैंस क्लब रामगढ़ के तत्वाधान में गुरुवार की शाम सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, विशिष्ट अतिथि फिल्म जगत के निदेशक अशोल घायल आदि ने संयुक्त रूप से स्व किशोर कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।

**किशोर कुमार के गीतों से कलाकारों ने बांधा समां**

इस दौरान कार्यक्रम में शामिल कलाकर सूर्यवंश श्रीवास्तव और सुहरीद सरकार ने एक से बढ़ कर एक गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। जिसमे, जिंदगी का सफर है ये कैसा सफर, कोई समझा नही कोई जाना नही, मंजिले अपनी जगह है, रास्ते अपनी जगह, जब कदम ही साथ ना दे तो मुसाफिर क्या करें, चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए, ओ मांझी रे, अपना किनारा नदिया की धारा है, थक गया हूं मुझे सोने दो आदि गीतों से समा बांधा।

**स्व. किशोर कुमार के गीतों को आज गुनगुनाते है लोग : सूर्यवंश**

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए गायक सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा कि स्व किशोर कुमार अपनी गायकी से हिंदी फिल्म जगत में बहुत ऊंचा मुकाम प्राप्त किए हैं। उनके द्वारा गाए गीत आज भी लोगों के जुबान पर रहता है। हम सभी कलाकार एवं किशोर कुमार के चाहने वाले भारत सरकार से मांग करते हैं कि उन्हें भारत रत्न से नवाजा जाए।

## उरीमारी पिंडरा निवासी मंगरा मांझी लापता



उरीमारी (आजाद सिपाही)। उरीमारी ओपी क्षेत्र के उरीमारी पिंडरा निवासी मंगरा मांझी पंचायत उरीमारी प्रखंड बड़कागांव जिला हजारीबाग रंग सांवला पहनावा हाफ शर्ट और हाफ निकर उम्र लगभग 55 वर्ष बिते 12/10/2022 दिन बुधवार को सुबह लगभग छः बजे अपने घर से निकला है। इसका मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण रास्ता भटककर लापता हो गया है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद अभी तक बुजुर्ग व्यक्ति नहीं मिल पाया है। जिन लोगों को यह व्यक्ति कहीं भी दिखाई दे तो नीचे लिखे गए मोबाइल नं 7250381375, 9939112163, 7209496965, 7352616512 पर सम्पर्क करें।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने का मामला तूल पकड़ा, जीप अध्यक्ष ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कांकेबार स्थित पटेल चौक के निकट सरदार पटेल वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित करने का मुद्दा बढ़ते जा रहा है। मामले अब जिला परिषद के अध्यक्ष और सदस्य सामने आये है। मामले को लेकर शुक्रवार को जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी के नेतृत्व में पटेल छात्रावास समिति रामगढ़ के द्वारा जिला उपायुक्त माधवी मिश्रा को एक माँग पत्र सौंपा गया। साथ कहा गया कि से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदम कद प्रतिमा को पुनः स्थापित पटेल चौक में पटेल जयंती 31 अक्टूबर से पूर्व किया जाये।जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी ने बताया कि पटेल चौक स्थित ओवर ब्रिज निर्माण एवं सड़क निर्माण के समय स्थापित लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा को जिला प्रशासन, एनएचआई के पदाधिकारी, संवेदक सहित पटेल छात्रावास समिति की सदस्यों की सहमति से हटाई गई थी।उस समय आश्वस्त किया गया था कि पटेल चौक में पटेल जी की आदम कद प्रतिमा स्थापित सम्मान के साथ की जाएगी। एनएचआई एवं संवेदक के द्वारा चिन्हित स्थल पर ही पटेल छात्रावास समिति के द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में की गई। किंतु कांग्रेस के रामगढ़ विधायक प्रतिनिधि मुकेश यादव के द्वारा जिला प्रशासन, एनएचआई के पदाधिकारी एवं आम जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से एनएचआई के द्वारा चयनित स्थल को अपने परिचित का बताकर विवाद किया गया। साथ ही सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी पर झूठा आरोप लगाते रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराई गई। उनके छवि को भी धूमिल करने का प्रयास किया गया। जिससे हम सभी जनप्रतिनिधि एवं जनता काफी आहत महसूस कर रहे है। जिला प्रशासन के पहल पर अंचल अधिकारी एवं कर्मचारी के द्वारा उक्त भूमि की जांच कराई गई है। जिला उपायुक्त माधवी मिश्रा के द्वारा आश्वस्त किया गया कि जल्द ही पटेल जी की मूर्ति स्थापित पटेल चौक में की जाएगी। जिला प्रशासन मूर्ति स्थापित करने के लिए गंभीरता पूर्वक पहल करेगी। मौके मांग पत्र सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो, जिला परिषद सदस्य तपेश्वर महतो, पटेल छात्रावास समिति सदस्य झलक देव महतो, टिकेश्वर महतो शामिल थे।

## लायंस क्लब ने राज नर्सिंग होम में लगाया निःशुल्क ब्लड जांच शिविर





**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा शुक्रवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में निःशुल्क बल्ड जांच शिविर लगाया गया। इसमें डॉक्टर द्वारा 52 लोगों का ब्लड शुगर जांच किया गया। जिसमें 22 लोग ब्लड शुगर के मरीज पाए गए। मरीजों को उचित परामर्श देते हुए डॉक्टर ने हल्की-फुल्की भी तकलीफ होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की बात कही। इसके पूर्व लायंस क्लब के तत्वाधान में बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय से ब्लड शुगर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली स्कूल प्रांगण से शुरू होकर जनता टॉकीज, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची। रैली में शामिल विद्यालय के प्राचार्य विजंयत कुमार सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने लोगों को ब्लड शुगर के प्रति जागरूकता भरा संदेश देते हुए राज नर्सिंग होम और बिरसा चौक होते हुए पुनः स्कूल प्रांगण पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिमारी से बचाव को ले लोगों को खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह का शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के उपाध्यक्ष लायन माला शर्मा, विजय प्रसाद वर्णवाल, राजेश अग्रवाल, संजय कुमार सिंह, मो. मुमताज, अमित कुमार, सोना राम मांझी, विमल प्रसाद, विभा रानी, शोभा राय, हेमंत कुमार शरण, नीलम शरण, प्रमोद शर्मा, सूबेदार हृदयानंद यादव, सीमा यादव, अजय सिंह, प्रेमलता सिन्हा, रेवती रमण शर्मा, सहित राज नर्सिंग होम के पैथोलॉजी सनी नायक, अर्चना, नीतू, संगीता, यूसुफ अंसारी, राज आदि का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री 19 को आ रहे चतरा, डीसी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा



**चतरा (आजाद सिपाही)।** 19 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर चतरा पहुचेंगे। शहर के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद सुनील कुमार सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास समेत जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से भाग लेंगे। शुक्रवार को उपायुक्त अबु इमरान ने नेहरू स्टेडियम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ में जिला के वरीय पदाधिकारियों के साथ तैयारी के लिए विभिन्न कार्यों का दायित्व दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी भी प्रकार का चूक न हो। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। मौके पर डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनाश कुमार समेत अधिकारी मौजूद थे। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## ई रिक्शा व स्कूटी की हुई टक्कर, एक घायल



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा दोमुहानी के समीप शुक्रवार को स्कूटी और ई-रिक्शा की टक्कर हो गई। घटना में स्कूटी सवार दत्तो निवासी दिनेश विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दिनेश विश्वकर्मा अपनी होंडा एक्टिवा स्कूटी जेएच 24 एफ 3458 पर भुरकुंडा से दत्तो की ओर जा रहा था। इस दौरान दोमुहानी चेकपोस्ट के समीप सामने से आ रही ई-रिक्शा और स्कूटी में भिड़ंत हो गई।

## नर्स के निधन पर भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल में शोकसभा का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। आदर्श क्षेत्रिय चिकित्सालय भुरकुंडा अस्पताल में कार्यरत नर्स मासेर्ला होरो के निधन पर शुक्रवार को सीसीएल हॉसपीटल भुरकुंडा में शोकसभा का आयोजन किया गया। बताया गया कि वे पिछ्ले एक साल से गंभीर रूप से बीमार थीं। गांधीनगर रांची अस्पताल में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। शोकसभा में एरिया चिकित्सा प्रभारी डॉ एचके सिंह, डॉ नदीम अनवर, फारुक रजा, ललन प्रसाद, जे शरण, फहद जाफरी, जितेंद्र, दिवाकर, रीता, उर्मिला, रजनी, रोमा, जावेद खान सहित यूनियन प्रतिनिधि नरेश मंडल, विकास कुमार आदि ने दिवंगत आत्म की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की।

## सृजन फाउंडेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। सृजन फाउंडेशन ने शुक्रवार को शिबू टोला मुरपा स्थित कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि देवी व जिया नाज ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मांडू प्रखंड भाग संख्या 3 की जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी और सुनीता देवी ने दीप प्रज्वलन कर की। कार्यक्रम के दौरान लड़कियों व महिलाओं के साथ हो रहे हिंसा एवं लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए उनके आवाज को बुलंद करना। साथ ही, उनके हक और अधिकार को दिलाने के लिए उन्हें सशक्त करना, ताकि वो आने वाली चुनौती का सामना कर सके। मौके पर दयामन्ति देवी ने कहा कि आज के दौर में लड़कियां किसी से पीछे नहीं है, बस जरूरत है उन्हें एक प्लेटफार्म देने की। कार्यक्रम के दौरान किशोरी लड़कियों द्वारा लड़कियों एवं महिलाओं के साथ हो रहे हिंसा एवं भेदभाव के खिलाफ नुक्कड़ नाटक, गीत एवं स्लोगन, नृत्य आदि कई कार्यक्रम प्रस्तुति की गई। साथ ही, किशोरियों को बैलून रेस, पासिंग बॉल खेल आयोजित की गयी। वही, सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मांडू प्रखंड के करमा, सारुबेड़ा, सिरका, केदला, इचाकडीह रतवे,भदवा, बसंतपुर कुन्दरिया से कुल 60 किशोरी लड़कियां मौजूद रहे। वही, कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीत कुमार, मोहिनी देवी, आरती कुमारी, पूनम देवी, अनीता प्रसाद, नरेश मांझी, मुमताज अंसारी का सराहनीय योगदान रहा।

## करवा चौथ के मौके पर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड सांकुल पंचायत अंतर्गत बरवाटोला में शुक्रवार को करवा चैथ के मौके पर भगवान शंकर, मां पावती, भगवान गणेश व कुमार कार्तिकेय की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही मेला का आयोजन भी किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी यिा गया। इसमें नागपुरी, हिन्दी आदि भाषाओं में भक्ति गीत गाकर कलाकारों में ग्रामीणों का खुब मनोरंजन किया। खबर लिखे जाने तक पूर्व जिप सदस्य अर्चना देवी, सांकुल पंचायत की मुखिया सुमन भारती, पंसस अंजु देवी आदि शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि सिंह, उज्वल सिंह शाही, सूरज सिंह, शिवकुमार सिंह, भीम कुमार सिंह, अखिलेश, बिंदेश सिंह, राजेन्द्र सिंह, राजन सिंह, भगवान सिंह, अरबिन्द सिंह सहित अन्य सैकड़ो ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भुमिका निभाई।

## करमा उतरी पंचायत सचिवालय में खुला प्रज्ञा केंद्र



कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू प्रखंड भाग संख्या 3 के जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो व पंचायत मुखिया सरोज कुमारी ने करमा उत्तरी पंचायत के पंचायत सचिवालय में संयुक्त रुप से फीता काटकर प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र के खुलने से क्षेत्र के ग्रामीणों को काफी लाभ मिलेगा। साथ ही, आवश्यक कागजात समेत कई प्रमाण पत्र बनाने में बेहतर सुविधा प्रदान होगी। इससे पूर्व, केंद्र के संचालक सैनाथ महतो ने विधिवत पूजा अर्चना की। मौके पर पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, लखीकांत महतो, प्रदीप कुमार, अब्दुल हादी, अफसाना खातून, खिरोधर महतो, हेमंत महतो, राम किशोर महतो, ललिता देवी, बेबी देवी, सकरू देवी, आमजद अंसारी, नजमा खातून मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कवि संगम का रामगढ़ में प्रांतीय दस्तक युवा पीढ़ी का आयोजन कल

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वाधान ने आगामी 16 अक्टूबर रविवार को रामगढ़ में प्रांतीय दस्तक युवा पीढ़ी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रांत के सभी 24 जिलों से 24 युवा कवि, कवियत्री शामिल होंगे। उक्त जानकारी देते हुए प्रांतीय विजय मेवाड़ व प्रांतीय महामंत्री सरोज झा झारखण्डी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम होटल शिवम इन में 16 अक्टूबर को दोपहर 11 बजे से शुरू होगा। दस्तक युवा पीढ़ी के तहत सबसे उत्कृष्ट युवा कवि को दिल्ली में 15 नवंबर को आयोजित कार्यक्रम ने शामिल होने का मौका मिलेगा।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**निविदा सूचना सं. डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-57-58-2022,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, डीआरएम, इंजी, राँची के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-57-2022, कार्य का नाम:** राँची मंडल में 02 वर्ष की अवधि के लिए "ईईसीआई" प्रस्तुत यूएसएफडी वेल्ड टेस्टर मशीन मॉडल नं. डीएस-322 एटी का वार्षिक रखरखाव ठेका (एएमसी)। **निविदा मूल्य:** रु.23,83,948.06, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.3,000/-, **बयाना राशि:** रु. 47,700/-, **क्रम सं. 2, सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-58-2022, कार्य का नाम:** मुरी में 24 माह की अवधि के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संपूर्ण परिचालन एवं रखरखाव। **निविदा मूल्य:** रु.37,03,826.34, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0/-, **बयाना राशि:** रु. 74,100/-**निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.11.2022 को 15.00 बजे। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-686)**

### कोर्ट-नोटिस

**न्यायालय प्रधान जज कुटुंब न्यायालय कोडरमा**

**मूल वाद संख्या-28/2022**

बसंत कुमार.................................वादी

**बनाम**

सोनी कुमारी उर्फ सुमन देवी..........प्रतिवादी

**नोटिस बनाम:-**

सोनी कुमारी उर्फ सुमन देवी, पति- बसंत कुमार, वर्तमान पता-झुमरी तिलैया, वार्ड नं. 25 ब्लाक झुमरी तिलैया, थाना-तिलैया, जिला-कोडरमा

चूकि वादी ने प्रधान जज कुटुंब न्यायालय, कोडरमा के न्यायालय में उपरोक्त मूल वाद दायर किया है, जिसमें आपको न्यायालय के द्वारा साधारण एवं निबंधित डाक से सम्मन भेजा जा चुका है, परन्तु आपने न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कराये है।

अतः आपको एतत द्वारा सूचना दिया जाता है कि दिनांक 03.11.22 को 10:30 बजे पूर्वाह्न में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपरोक्त वाद में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा वाद में उचित आदेश पारित किया जाएगा, इसे अतिआवश्यक एवं सख्त ताकिद जाने।

यह नोटिस मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 24.09.2022 को निर्गत किया गया। **ह./- प्रधान जज कुटुंब न्यायालय, कोडरमा**

# जिले की नौ पंचायतों तथा नगर परिषद के दो वार्डों में 'सरकार आपके द्वार' शिविर आज

**नागरिकों से की गयी अधिक से अधिक सहभागिता की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान के तहत जिलेभर में प्रतिदिन हर प्रखंड की लगभग किसी न किसी पंचायत में शिविर लगाया जा रहा है। उसी क्रम में शनिवार 15 अक्टूबर को भी 11 स्थलों 9 पंचायतों तथा नगर परिषद के वार्ड 6 वार्ड 3 में इस अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किया जाना है।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को घाघरा प्रखंड की सारांगों, सिसई प्रखंड की मुर्गू, बसिया प्रखंड की बनई, बिशुनपुर प्रखंड की हेलता, गुमला प्रखंड की पुगू, गुमला प्रखंड की ही अरमई, रायडीह प्रखंड की ऊपरखटंगा, डुमरी की जुरमू, पालकोट की बिलिंगबिरा तथा नगर परिषद के वार्ड 6व 3 में नागरिक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

आगे कहा कि जिला प्रशासन के इस प्रयास का प्रभावी परिणाम हो इसके लिये अधिक से अधिक संख्या में लोग इन शिविरों में पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाकर न केवल सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें, बल्कि उन योजनाओं का लाभ कैसे लेना है उसकी प्रक्रिया जानें तथा मौके पर ही आवेदन कर कई मामलों में त्वरित लाभ प्राप्त करें।

## बेंदोरा पंचायत में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का किया गया समाधान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** बेंदोरा पंचायत भवन में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीओ प्रीति किस्कू, चैनपुर बीडीओ डॉ शिशिर कुमार सिंह, सीओ गौतम कुमार सहित उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर लोगों की समस्याएं सुनी गई साथ में कई समस्याओं का निष्पादन ऑन द सपोर्ट किया गया। साथ ही मनरेगा योजना से संबंधित बकरी शेड, गाय शेड, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री धोती साड़ी योजना सहित कई योजनाओं के लाभ लाभुकों को त्वरित प्रदान किया गया। मौके पर महिला स्वयं सहायता समूह को 83 लाख रुपये के चेक दिये गये। एसडीओ एवं बीडीओ ने कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का नियमनुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किये जाने की बात कही। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य मेरी लकड़ा, प्रखंड प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, पंचायत समिति सदस्य उषा लिमा तिग्गा मुखिया सुशील दीपक मिंज, सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अकासी पंचायत भवन परिसर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अकासी पचायत के पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपकी आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बीडीओ एकता वर्मा द्वारा ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीण पंचायत शिविर में शामिल होकर विकास योजनाओं का लाभ लें। शिविर में सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। शिविर में वृद्धा महिला-पुरुषों के बीच 50 पीपीओ, 35 कंबल, 16 स्वयं सहयता समूह के बीच 12 लाख रुपये की सहायता राशि, पशुधन विकास योजना के 6, मनरेगा के तहत 10 जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री सावित्री फूले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके प्रमुख जीवंती एक्का, सीओ शिवपूजन तिवारी, एसआई सूरज यादव, बंधन महतो, तरनी महतो, पुनीत एक्का, रामप्रसाद सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीएन जालान कॉलेज, सिसई में मतदाता कार्यशाला का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीएन जालान कॉलेज सिसई में शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय गुमला के द्वारा एक दिवसीय मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला से हेल्प डेस्क मैनेजर प्रमोद साहू, शशिकांत भारती, शेखर कुमार गुप्ता व असिस्टेंट शंकर कुमार गुप्ता के द्वारा कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं सभी विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र बनाने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने सहित, त्रुटि में सुधार कराने व वोटर हेल्पलाइन एप की विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर एलिओ सह पर्वेक्षक सुषमा तिर्की, कम्प्यूटर आंपरेटर रवि कुमार मौजूद थे।

**बैठक :** लगातार छह माह राशन नहीं लिया तो राशन कार्ड हो सकता है रद्द

# आधार से शत प्रतिशत राशन कार्ड जोड़े जायें : उपायुक्त

**सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** लाभुक अगर प्रति माह राशन नहीं उठाते हैं तो दूसरे माह में दोनों माह का राशन नहीं दिया जायेगा। लगातार छह माह तक राशन नहीं लेने पर उक्त लाभुक का राशन कार्ड भी निरस्त किया जा सकता है। उक्त निर्णय उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में हुई जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक में लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से राशन कार्ड से आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर जोड़ने के विषय में चर्चा की गई। उपायुक्त ने शत प्रतिशत आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर से राशन कार्ड को जोड़ने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

उपायुक्त ने सभी राशन कार्ड धारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी राशन कार्डधारी जल्द से जल्द अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर से राशन कार्ड को जोड़ लें ताकि भविष्य में राशन अथवा राशन कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द निपटारा करने की बात कही। उन्होंने कैंप के दौरान आपूर्ति विभाग के कर्मियों को ड्रेस कोड में रहने की सलाह दी ताकि लाभुकों को काउंटर खोजने में दिक्कत ना हो। उपायुक्त ने सभी राशन वितरण केंद्रों के पास सीएससी सेंटर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने राशन के गोदामों के लिए पहुंच पथ निर्माण हेतु प्रस्ताव की मांग की।

उपायुक्त ने 15 नवंबर तक शत प्रतिशत धोती साड़ी वितरण कराने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य कई विषय पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिया।

## घाघरा पुलिस ने दवा कंपनी के दो कर्मियों से लूटपाट के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**लूटे गये पांच हजार रुपये व सामान बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नगड़ी ढलान के पास बीते दिन हुए लूट कांड का उद्भेदन करते हुए घाघरा पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष चंद्र लाल ने बताया कि घाघरा मुख्यालय के रहने वाले कुणाल उरांव, संतोष महतो उर्फ फौजी, इरशाद आलम उर्फ कलुआ, सुमित भगत उर्फ बारूद ये सभी अपराधी प्रवृत्ति के युवकों ने लूटपाट की घटना को अंजाम देने के लिए प्लान बनाया। जिसके बाद से ये लोग कई हफ्तों से रेकी करने लगे। रेकी करने के दौरान जाहिद हुसैन व सुवास हुसैन तेतरपोका गांव लोहरदगा भंडरा के रहने वाले लगातार इस इलाके में दवा बेचने आ रहे थे। जिसे वे लोग पूर्व प्लान करते हुए घाघरा से ही पीछा करना शुरू किया और नगडी ढलान के पास उन्हें रोकने के बाद दोनों लोगों के साथ मारपीट की गई और बैग छीन लिया गया। जिसमें 5000 रुपये रखे हुए थे और दो मोबाइल फोन और हेलमेट भी छीन कर भाग गये। आरोपियों के द्वारा जाहिद को ट्रक के नीचे डालने का प्रयास भी किया गया था। घटना के बाद से पुलिस को सूचना मिली कि चारों अपराधी दहु टोली टंगरा के पास शराब पी रहे थे। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी अमित चौधरी, सब इंस्पेक्टर सूरज रजक, सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार, सब इंस्पेक्टर देव प्रताप प्रधान, एएसआई नागमणि सिंह घटनास्थल पहुंचे और उन्हें घेर कर व दौड़ा कर पकड़ा। सख्ती से पूछताछ की गई तो सभी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए लूटे हुए सारे सामान भी पुलिस को सौंप दिये।

एसडीपीओ ने यह भी बताया कि चारों अपराधियों का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है।

## थाना प्रभारी ने जनता उवि में बच्चों को किया जागरूक

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी मनीष कुमार के द्वारा शुक्रवार को जनता उच्च विद्यालय नवाडीह में स्कूली बच्चों को मानव तस्करी, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध, शिक्षा का महत्व, समाजिक सुरक्षा, समाज में व्याप्त कुरितियों एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई। बच्चों को अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें सुरक्षा एवं आत्म निर्भरता के के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में जागरूक किया गया। मौके पर थाना प्रभारी, एसआइ निर्मल महतो, प्रधानध्यापक अनसेलेम कुजूर सहित सभी बच्चे बच्चियां उपास्थि हैं।


## जंगली भालुओं के हमले में दंपत्ति घायल

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित उमड़ा पंचायत के अंतर्गत कसीरा पंडरा पानी गांव में जंगली भालुओं का झुंड ने दंपति जुगनू गोप व पत्नी जयगो देवी पर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार अहले सुबह 3:30 की है। दम्पति अपने खेत में मूंगफली पहरा देने के लिये गए थे उसी समय जुगनू गोप को झपकी लग गई और भालुओं के झुंड ने हमला कर दिया। जिसके कारण दम्पति घायल हो गए और स्थिति नाजुक है। घायल दंपति को इलाज के लिये रिम्स रांची रेफर किया गया है।

## प्रख्यात नागपुरी साहित्यकार स्व. सहनी नहन की जयंती आज

**झानद से जुड़ी सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच गुमला की ओर से कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास सार्वजनिक पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच गुमला द्वारा 15 अक्टूबर को नागपुरी भाषा के प्रख्यात साहित्यकार रहे स्व. सहनी उपेंद्र पाल नहन की जयंती मनायी जाएगी। इस मौके पर पुष्पांजलि कार्यक्रम जिला मुख्यालय गुमला में आयोजित की जाएगी। विदित हो कि स्व. नहन नागपुरी भाषा के बड़े साहित्यकारों में से एक थे। जिन्होंने कई साहित्य नागपुरी भाषा में लिखी थी।

स्व. नहन को झारखंड रत्न, कोयला भारती सम्मान के अलावे दर्जनों पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच के बैनर तले 15 अक्टूबर को दिन के 10:30 बजे से 11 बजे तक गुमला के कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास सार्वजनिक पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा तथा पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद छोटानागपुरी लोक संगीत एवं नृत्य कला मधुकुंज गुमला के बैनर तले आयोजित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप नहन जयंती एवं सम्मान समारोह में झारखंड नवनिर्माण दल व सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच के पदाधिकारी भाग लेने जाएंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में कवि, कलाकार, साहित्यकार व प्रबुद्ध जनों से स्व. नहन की याद में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई है। यह जानकारी सर्वोदय सांस्कृतिक कला मंच, गुमला के प्रभारी-हाफिजुर रहमान ने दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भुरसो पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों में किया गया परिसंपतियों का वितरण



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को भुरसो पंचायत में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक जिग्गा सुसारण होरो ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार का प्रयास है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति को लाभ दिलाने को लेकर पंचायत स्तर पर सरकारी तंत्र के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके, इसी के तहत सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पंचायतवार चलाया जा रहा है। वहीं महिला समूहों को साढ़े तेरह लाख का सीसीएल ऋण सहित पेंशन पीपीओ व अन्य योजनाओं का लाभ दिया गया। ग्रामीणों ने राशन कार्ड के लिए 36, सामाजिक सुरक्षा 13, पेयजल एवं स्वच्छता 4, आजिविका 77, स्वास्थ्य व पोषण 175, कृषि 6, श्रम 120, आवास 201, भूमि सुधार 5, ऊर्जा 6, कषि 6, अन्य 95 आवेदन सहित कुल 737 आवेदन प्राप्त हुए। शनिवार को मुर्गू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन होगा। मौके पर जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, प्रमुख मीना देवी, उप प्रमुख निलेश उरांव, बीडीओ सुनीला खलखो, सीओ अरुणिमा एक्का, प्रभारी बीपीआरओ संतोष भगत, मुखिया रेखा देवी सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### आजीविका महिला क्लस्टर संगठन सिसई की वार्षिक आम सभा का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** आजीविका महिला क्लस्टर संगठन सिसई की वार्षिक आम सभा शुक्रवार को पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में की गयी। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, सांसद प्रतिनिधि निरंजन सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, रिजवाना के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आजीविका महिला क्लस्टर की दीदियों ने अतिथियों को अंग वस्त्र व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। सभा में दीदियों के द्वारा आजीविका मंडल की आय व्यय, किये गए कार्य व अन्य प्लानों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीदी लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, आरती देवी, रतरानी देवी, शोभा देवी, चिंता मनी देवी, रीता देवी सहित क्लस्टर की दीदियां व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### डबल बुल सीमेंट कंपनी की गुणवत्ता एवं योजनाओं की दी गयी जानकारी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नीलकंठ हार्डवेयर छारदा में डबल बुल सीमेंट कंपनी के द्वारा बैठक की गई। बैठक में कंपनी के सीनियर बीडी अफसर अनिल कुमार व सेल्स मैनेजर रजनीश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित राजमिस्त्री व ग्राहकों को बीडी अफसर अनिल कुमार ने डबल बुल सीमेंट की गुणवत्ता एवं विशेषताओं और कंपनी की योजना व स्कीमों की संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सीमेंट के डीलर सह श्रीकांत जेनरल स्टोर के श्रीकांत केशरी, नीलकंठ हार्डवेयर के संचालक नीलकंठ केशरी, राजमिस्त्री इरशाद अंसारी, अहमद अंसारी, हेमा साहू, बलराम उरांव, इमरोज अंसारी, साकिर अंसारी, जसीम अंसारी, गोविन्द साहू, तेजुवा अंसारी, तैफीक अंसारी सहित कई राजमिस्त्री व ग्राहक मौजूद थे।

### अज्ञात युवक का अधजला शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के आदर परसा गढ़ा के समीप एक अज्ञात युवक का शव घाघरा पुलिस ने गुरुवार को बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव की महिलाएं मवेशी के लिए घास काटने गई हुई थीं। जहां देखा कि एक युवक का जला हुआ शव पड़ा है। जिसके बाद इसकी सूचना घाघरा पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया व पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। बताते चलें कि युवक का आधा शरीर बुरी तरह जला हुआ है। बाकी कमर से नीचे का हिस्सा में भी कहीं कहीं जलने का निशान है। घटना के संबंध में घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिला है। अज्ञात शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। जल्द ही इसकी शिनाख्त हो जाएगी। हालांकि पुलिस आगे की कार्रवाई के लिए जुट गई है। घटना स्थल पर घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी, एसआई सूरज कुमार व पुलिस के जवान मौजूद थे।

## पार्टी एवं संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता अपने बूथों को मजबूत करें : अनूप चंद्र अधिकारी

**भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों व योजनाओं पर की गयी चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल परिसर में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक का आयोजन कर सरकार की विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की सलाह दी गयी। मंडल अध्यक्ष केदार साहू की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष प्रदीप प्रसाद एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे। स्वागत शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों व योजनाओं पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि अनूप चंद्र अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी एवं संगठन की मजबूती एकजुटता में है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अपने बूथों को मजबूत करना होगा, जिससे आने वाले समय में पार्टी किसी भी स्तर से कमजोर न हो।

बैठक में मुख्य रूप से एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भिखारी भगत, जिला उपाध्यक्ष सुजीत नंदा, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्रसाद बड़ाईक, जिला ओबीसी मोर्चा मंत्री जगत ठाकुर, जिला ओबीसी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य बच्चन चौरसिया, चितरंजन मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी वालकेश्वर सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष जिला परिषद सदस्य पवन उरांव, उपाध्यक्ष अशोक भारती, उपाध्यक्ष बिंदेश्वर साहू, उपाध्यक्ष बिल्टू लोहरा, उपाध्यक्ष रत्नी देवी, सनीचरवा उरांव, महामंत्री राधे सिंह मंत्री, सुरेंद्र कुमार मांझी, प्रदीप भगत, अनिल बड़ाईक, मौसम बड़ाईक, गुलाब साहू, आशीष साहू, देवेंद्र सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष अंबस्ट, मीडिया प्रभारी अभिषेक रंजन सिंह, मंत्री दिगंबर मुंडा, मंत्री हीरा मुन्नी देवी, कुंती देवी, रिंकू, भीखू ठाकुर विलास साहू, तुलसी साहू, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नमित उरांव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप साहू, एससी मोर्चा अध्यक्ष राजू मांझी, एसटी मोर्चा महामंत्री सुजीत लोहरा, ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष शंभू बड़ाईक, प्रवीण उरांव, ज्ञान सिंह, लालदेव उरांव, कृष्णा यादव, बिंदेश्वर साहू सहित लोग उपस्थित थे।

**बैठक :** बोर्ड परीक्षाओं में सेंटर चयन को लेकर उपायुक्त ने दिये निर्देश

# परीक्षार्थियों को परीक्षा सेंटर में जाने के लिए नहीं तय करना पड़े अधिक दूरी

**उपायुक्त ने वर्ष 2023 में होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा चयन समिति के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** वर्ष 2023 में होने वाली वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों तथा मूल्यांकन केंद्रों के चयन के संबंध में उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला शिक्षा चयन समिति के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिले में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। जिस पर उपायुक्त ने समिति द्वारा प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमंडल स्तर पर बैठक करते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्णय लेने के पश्चात पुनः बैठक करने की बात कही।

उपायुक्त ने कहा कि सेंटर का चयन इस प्रकार से किया जाए ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा सेंटर में जाने के लिए अधिक दूरी न तय करनी पड़े। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा सेंटर के लिए केवल सरकारी विद्यालयों का ही चयन किया जाए। उपायुक्त ने विद्यालयों की मरम्मती एवं अन्य आवश्यकताओं की सूची बनाते हुए प्रस्ताव तैयार कर देने की बात कही। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी लगाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में कम से कम एक इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र का अवश्य चयन करें।

बताते चलें कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 तथा वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहली सावधिक परीक्षा नवंबर 2022 में तथा द्वितीय सावाधिक परीक्षा मार्च 2023 में आयोजित की जानी है। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, अपर समाहर्ता गुमला सुधीर कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला के अलावा जिला शिक्षा चयन समिति के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### सराफा व्यापारी को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की दी धमकी

# मामला सीसीटीवी में कैद, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में अपराधियों का हौसला लगातार बढ़ता जा रहा है छोटी छोरियां बंद घरों में ताला तोड़कर चोरी, बाइक लूट ,छिनतई आदि घटना समेत दिनदहाड़े पिस्टल दिखाकर धमकाने के वारदातें आए दिन चर्चा में रहती है। इस क्रम में शुक्रवार की दोपहर मैना बगीचा से नदिया जाने वाली सड़क में स्थित गायत्री जेवलर्स के मालिक को पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर अपराधी बेखौफ निकल गया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ कर रही है। पूरे मामले का वृतांत दुकान में लगे



सीसीटीवी में कैद हो गया। जानकारी के अनुसार अपराधिक प्रवृत्ति का कथित युवक ज्वेलरी दुकान पहुंचा और बाइक रोककर दुकानदार पर हथियार तान दिया। गोली मारकर हत्या करने के गंभीर धमकी देने के बाद वह बाइक पर सवार होकर निकल गया। अपराधी युवक द्वारा अचानक मिली धमकी से दुकानदार भयभीत हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उक्त युवक अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति है। घटना के बाद पीड़ित ज्वेलरी दुकानदार सदर थाना पुलिस को सूचना देते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस को घटना की जानकारी फोन पर देते हुए करवाई की मांग की है। पुलिस से जानमाल की सुरक्षा की गुहार भी लगाई गई है। सूचना पर पहुंची सदर थाने के पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल कर रही है। दिनदहाड़े अवैध हथियार लहरा कर धमकी देने वाले युवक की खोजबीन पुलिस टीम कर रही है। इस संदर्भ में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि मैंने बगीचे क्षेत्र में युवक द्वारा अवैध हथियार लहरा कर धमकी देने की घटना हुई है। मामला में शामिल आरोपी युवक को पुलिस गिरफ्तार कर ली है। इस मामले पर पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

### ज्वेलरी दुकान में दो लाख की चोरी

**चंदवा।** चंदवा के एनएच 75 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना से महज 200 मीटर की दूरी पर न्यू पूजा ज्वेलर्स स्थित है रात्रि के लगभग 1:00 बजे चोरों के द्वारा नकाब पहनकर ज्वेलरी दुकान में घुस गया देखा गया कि दुकान में लकड़ी का दरवाजा है जिसको तोड़कर चोरों के द्वारा घुसकर सोने चांदी के लगभग दो लाख रुपये के सामान लेकर चल दिए ज्वेलरी दुकान के मालिक सचिन सोनी ने बताया कि चोरों के द्वारा सामान ले गया दुकान में रखे तिजोरी को भी खोलने का प्रयास किया परंतु तिजोरी नहीं खुली नहीं तो हमारी बहुत बड़ी सती हो जाती देखा जाता है कि चंदवा के कई दुकान में लगभग 2 सालों से निरंतर चोरी हो रही है परंतु अभी तक कोई भी चोर को पुलिस पकड़ नहीं पाई है पूर्व में भी अनमोल ज्वेलर्स के दुकान में चोरी किया गया था चोर भी शातिर अंदाज में चोरी करते हैं चंदवा के व्यवसाय इस बात से डर गए हैं कि मुख्य सड़क में इस तरह से निरंतर चोरी हो रही है परंतु स्थानीय पुलिस प्रशासन अभी तक कोई भी चोर को पकड़ने में असफल रही है इसका क्या कारण है हम लोग पुलिस के कार्य से परेशान और हताश हैं।

### जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष बने मोहर सिंह उर्फ सतवंत सिंह

# ग्रामीणों के हक के लिए हर संभव उनके साथ खड़ा रहूंगा अध्यक्ष मोहर सिह

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डीही पंचायत के समीप मंगरा ग्राम में (जनता मजदुर संघ) के गठन हेतु तुवेद कोल माइंस प्रभावित किसान मजदूर संघर्ष इकाई के बैनर तले शुक्रवार को मोहर सिंह उर्फ सतवान सिंह की अध्यक्षता में आम सभा की गयी। मंच संचालन महेंद्र प्रसाद ने किया। जहा पे बतौर मुख्य अतिथि के रुप में क्रांतिकारी मजदूर संघ के नेता राकेश सिंह, ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित थे। इस आम सभा में तूवेद मंगरा निवाड़ी अंबाझारण, धोबियाझारण गाव के ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान कमेटी के द्वारा जनता मजदूर संघ के मुख्य संरक्षक के रुप में अवध नारायण सिंह अयोध्या सिंह अयूब अंसारी



उपेंद्र प्रसाद बृजेश सिंह सूरज नाथ शाहदेव को चुना गया है। ग्रामीण जनता के सर्व सर्वसम्मति से जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष मोहर सिंह उर्फ सतवंत सिंह, उपाध्यक्ष आबिद हुसैन, सचिव विनोद सिंह, संयुक्त सचिव तोहिद खान, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद ,मीडिया प्रभारी प्रीतम सिंह एव राहुल पांडे को बनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राकेश सिंह के द्वारा अध्यक्ष मोहर सिंह उर्फ सतवंत सिंह को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कहा कि जिस तरह से ग्रामीणों ने निस्वार्थ भाव से आप पर भरोसा कर जनता मजदूर संघ का अध्यक्ष बनाया है। आप अपने क्षेत्र हो रहे किसी भी कार्य में उनका हक दिलाने के लिए हर संभव उनका मदद करेंगे। यहां तक की निस्वार्थ भाव से उनके हक एवं अधिकार के लिए कदम से कदम मिलाकर उनके साथ चलने का कार्य करेंगे।

### वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक 16 अक्टूबर को

**लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक 16 अक्टूबर रविवार को रखी गई है। जिसमें जिले के सभी भूतपूर्व सैनिकों को उपस्थित रहने और ट्रस्ट के कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू होने को कहा गया है। सदर प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित कार्यालय में 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। उक्त जानकारी भूतपूर्व सैनिक ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष धर्मराज महतो, संरक्षक डॉ टी साहू ने दी। उन्होंने भूतपूर्व सैनिक परिवार को इस बैठक में उपस्थित रहने के लिए अपील की है।

### ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**भंडरा/लोहरदगा।** थाना से आधे किमी दूरी पर स्थित अंकित स्टूडियो में बीती रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर दुकान में रखे 18000 नगद सहित चार लाख के समान चुरा ले गए। दुकान मालिक रोहित साहू सुबह जब दुकान खोलने गए तो देखा की दुकान के बगल गली के दरवाजा टूटा हुआ है। दुकान के अंदर प्रवेश करने पर देखा की टेबल में रखा दोनो कंप्यूटर, 3 डीएसएलआर कैमरा, काउंटर में रखे नगद 18000 चोरों ने चुरा ले गए। चोरी की सूचना भंडरा थाने को दी गयी।

# अवैध लकड़ी तस्कर को पड़क कर भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी पंचायत के कचनपुर में मध्यरात्रि पुलिस और वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो लकड़ी तस्कर दुखी चौधरी के 30 वर्षिय पुत्र हीरा चौधरी व गुदानी चौधरी के पुत्र नन्हकू चौधरी को गिरफ्तार किया है। बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहरा को मिली गुप्त सूचना पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह व वन विभाग की टीम ने तस्करों के पास से लकड़ी का 18 पीस बोटा, पिकअप वैन व तस्करों की दो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, 31500 नगद दो मोबाइल फोन को भी जब्त की। जानकारी के अनुसार तस्करों को बरवाडीह प्रखंड के कंचनपुर से गिरफ्तार किया गया।



जब्त किया गया पिकअप वैन चैनपुर के कांकारी का बताया जा रहा है। व पकड़े गए लोग भी कंकारी का है।वही बताते चलें कि बरवाडीह पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना क्षेत्र में लगातार कानून व्यवस्था बनाने रखने को लेकर प्रयास जारी है। जिसमें प्रशासन को उत्कृष्ट सफलता भी मिलती नजर आ रही है। लगातार विभिन्न मामलों में पुलिस की तत्परता के कारण अपराधियों में खौफ व्याप्त है। प्रशासन आगामी त्योहारों को देखते हुए लगातार एक्शन मोड में हैं।अपने अभियानों तथा गुप्त सूचनाओं के आधार पर विभाग को विगत कुछ दिनों में कई सारी सफलताएं प्राप्त हुई है। जोकि प्रशासन की क्रियाशीलता को दशार्ता है। वही बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह लगातार क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं शांति स्थापित करने को लेकर लगातार सजग हैं। जिनमें उन्हें अपेक्षाकृत सफलता भी मिली है।

### सतमी देवी को मिला मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेशन का लाभ

**लोहरदगा/कुडू। कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत की रहने वाली सतमी देवी को आज सर्वजन पेंशन अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन का लाभ मिला। पेंशन स्वीकृति होने की खुशी साफ सतमी देवी के चेहरे पर दिख रही थी। सतमी ने इसके लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण समेत समस्त जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। बताया कि वे पेंशन के लिए उन्होंने कई बार आवेदन दिया लेकिन हर बार किसी ना किसी वजह से पेंशन अस्वीकृत हो जा रहा था।**

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम से जुड़ी है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज शुक्रवार को लोहरदगा जिला के कुडू, पेशरार, कैरो, सदर प्रखण्ड, सेन्हा और भण्डरा प्रखण्ड के कुल छह पंचायतों में आयोजित हुआ। कुडू प्रखण्ड के सुंदरू पंचायत के राजकीय उत्क्रमित उर्दू कन्या मध्य विद्यालय, सुन्दरू में आयोजित कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी



सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण शामिल हुए। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम से सरकार की संवेदनशीलता जुड़ी हुई हैं। राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम में सभी के लिए कुछ ना कुछ योजनाओं के लाभ देने की व्यवस्था की है। राज्य सरकार एक योजना लेकर आयी है जिसका नाम है सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना। इस योजना का उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला शक्तिकरण, किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाना है।

### प्रेस कांफ्रेंस : लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज को एनएमसी से नये सत्र के लिए पुनः मिली मान्यता

# अब नये सत्र के निट पास मेडिकल के छात्रों का पुन: हो पायेगा नामांकन

**पुनः मान्यता मिलने के बाद झारखंड के बच्चों को काफी फायदा मिलेगा : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल, विश्रामपुर, पलामू को नेशनल मेडिकल कमिशन, दिल्ली ने पुनः अगले सत्र 2022-23 के लिये रिनुअल कर दिया है। अब इस मेडिकल कॉलेज में नये सत्र के निट पास मेडिकल के छात्रों का पुनः नामांकन हो पायेगा। इस संबध में जानकारी देते हुए आरसी



विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर एवं रामचंद्र चंद्रवंशी वेलफेयर ट्रस्ट के उपनिदेशक अनुराग चंद्रवंशी उर्फ विक्की बाबू ने बताया कि इस मेडिकल कॉलेज में सरकार के द्वारा 100 सीटों की स्वीकति प्रदान की गई है। जिसमें छात्रों के लिये एमबीबीएस की पढ़ाई होती है। यह मान्यता सरकार ने पिछले सत्र 2021-22 में दी थी। नियम पूर्वक नेशनल मेडिकल कमिशन की टीम के सर्वे के बाद इस मेडिकल कॉलेज को पुनः मान्यता प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के द्वारा यह मान्यता मिलने के बाद झारखंड के बच्चों को काफी फायदा मिलेगा। क्योंकि नीट क्वालिफाइ छात्रों के लिये इस मेडिकल कॉलेज में 25 प्रतिशत सीट झारखंड के छात्रों के लिये सुरक्षित है। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस मेडिकल कॉलेज को पुनः दूसरे सत्र के लिए मान्यता मिलने से आसपास के छात्रों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि फिलवक्त प्रथम सत्र के ज्यादातर मेडिकल के स्टूडेंट महाराष्ट्र, केरल, कर्नाटक, आसाम आदि के हैं। नये सत्र में झारखंड के मेडिकल के छात्रों को भी काफी सुविधा हो जायेगी।

### देवेंद्र का शव मिलते ही मचा कोहराम, मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जतायी

**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पाचाडुमर चिरकुटिया घाट के समीप देवेंद्र नामक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक केतार के बैगई टोला निवासी बताया जा रहा है। शव मिलने से आसपास के गांवों में सनसनी फैल गयी। शव को देखने वालों ने हत्या की आशंका जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को 11 बजे के करीब राहगीरों द्वारा केतार पाचाडुमर मुख्य मार्ग पर चिरकुटिया घाटी के समीप शव देखा गया। जिसकी सूचना केतार थाना को दी गई। शव की पहचान केतार के बैगई टोला निवासी देवेंद्र सिंह, पिता रामप्रसाद बैगा के रूप मे की गई। इसकी सूचना मिलते ही बैगई टोला में कोहराम मच गया। बताते चलें कि 13 अक्टूबर गुरुवार को केतार थाना में मृतक की पत्नी धनावत देवी के द्वारा पति के लापता होने का सनहा दर्ज कराया गया था। आवेदन में पत्नी के द्वारा उल्लेख किया गया था कि 12 अक्टूबर बुधवार को सुबह पांच बजे ट्रैक्टर पर काम करने के लिए निकले। प्रत्येक दिन मजदूरी कर शाम सात बजे तक वापस घर आ जाते थे, पर बुधवार को वापस नहीं पहुंचे। इसके बाद सुबह से खोजबीन जारी की गयी, पर कहीं पता नहीं चला। परंतु आज शुक्रवार को शव मिला। मृतक के दो पुत्री एवं तीन पुत्र हैं। शव की सूचना मिलते ही परिजन चित्कार मारकर रोने लगे। केतार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। मृतक की पत्नी धनावती देवी ने मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही है।

### सहिया पानपती देवी के खिलाफ शिकायत की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की जांच

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर** सीएचसी अंतर्गत संचालित उपस्वास्थ्य केंद्र लुका में कार्यरत सहिया पानपति देवी के विरुद्ध की गयी शिकायत की शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की। जांच टीम में रेफरल अस्पताल नगर उंटारी के उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी, भवनाथपुर सीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश सिंह एवं डीपीसी जेवियर एक्का शामिल थे। उपस्वास्थ्य केंद्र रपुरा की सहिया पानपती देवी के खिलाफ गांव के ही चार प्राइवेट प्रेक्टिशनरों ने शिकायत दर्ज करायी थी, कि उक्त सहिया अपने कार्य के विपरीत गरीब तबके की प्रसूति महिलाओं का सुरक्षित प्रसव हेतु उपस्वास्थ्य केंद्र में न ले जाकर अपने कमीशन के लिए उन्हें गढ़वा ले जाकर उनका सिजेरियन ऑपरेशन कराती हैं। साथ ही सहिया पानपति देवी अवैध तरीके से अपने घर में ही मेडिकल स्टोर चलाती हैं। मामले की जांच के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने सहिया के उपर लगाये गए आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सहिया पानपति देवी प्रसूति महिलाओं को उपस्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव कराने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। सहिया द्वारा अपने घर में मेडिकल स्टोर चलाने की बात से ग्रामीणों ने इंकार किया, जबकि जांच के दौरान सहिया पनपती देवी ने जांच टीम को बताया कि उसे एक सोची समझी साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। वह ईमानदारीपूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करती हैं व पूरी तरह से निर्दोष हैं। इस मामले में जांच पदाधिकारियों ने बताया कि सहिया के विरुद्ध की गयी शिकायत के अलोक में जांच की गई है उच्च पदाधिकारियों को रिपोर्ट सौंपी जायेगी। जांच टीम में लेखापाल सूरज लामा, बीटीटी अनुज गुप्ता शामिल थे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र लिखकर छठ घाटों की सफाई का किया आग्रह

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी देवी ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ आलोक कुमार को पत्र लिखकर छठ महापर्व को देखते हुए दीपावली के पूर्व छठ घाट पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाने का सुझाव दिया है। कार्यपालक पदाधिकारी को लिखे गये



पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष ने लिखा है कि विश्व प्रसिद्ध श्री बंशीधर मंदिर के प्रांगण में ऐतिहासिक सूर्य मंदिर होने के कारण यहां छठव्रतियों का सैलाब उमड़ता है। सूर्य मंदिर में झारखंड के कोने कोने के साथ साथ उतर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं बिहार से लोग यहां आकर छठ व्रत करते हैं। ऐसे में नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत सूर्य मंदिर बाकी नदी तट, राजा पहाड़ी तालाब, पुरैनी बाकी नदी तट, अहिपुरवा काली मंदिर के पास घाट, अधौरा लौगा नदी तट, जंगीपुर बाकी नदी तट, जतपुरा बाकी नदी तट एवं पाल्हे कला स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर के प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाने की आवश्यकता है। उसके साथ ही नदी में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर नदी को स्वच्छ बनाने की आवश्यकता है। जिससे कि छठव्रत धारियों को छठ व्रत करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से दीपावली तक नगर पंचायत क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ सफाई कराने का अनुरोध किया है।

### बरडीहा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** बरडीहा प्रखंड में आपका अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिले के एसडीएम



राज महेश्वरम ने दीप प्रज्वलित करके किया। शिविर में बरडीहा पंचायत से आये सभी ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन जमा किये। शिविर में कुल 761 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 41 आवेदनों पर ऑन स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गयी। पशुपालन, कृषि, व्यवसायिक ऋण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन, आवाज, पशु शेड एवं सुकन्या योजना जैसी अनेक योजनाओं के लिए आवेदन दिये गये। इसके साथ ही जेएसएलपीएस के माध्यम से एसडीएम को चेक का नमूना दिया गया। बरडीहा प्रखंड के अंतर्गत इस प्रकार के आयोजन की मुख्य जिम्मेदारी निभाते हुए बीडीओ सुश्री दीपमाला निभायी। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सुशील कुमार यादव, कांग्रेस पार्टी के 20 सूत्री अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, प्रखंड कर्मी राकेश सिंह, बरडीहा पंचायत की मुखिया सरोज देवी, उप प्रमुख सिकंदर पासवान, प्रखंड के बड़ा बाबू नरेंद्र कुमार, प्रभारी राकेश सिंह, नाजिर सुरेश चरगठ सहित सभी प्रखंड कर्मी

### बैठक : प्रदेश प्रतिनिधि एवं नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक में बंधु तिर्की ने कहा

# देश में निश्चित रूप से 2024 में कांग्रेस की सरकार बनेगी

**कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रदेश प्रतिनिधियों को एक-एक प्रखंड का दायित्व व संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण कार्य सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में प्रदेश प्रतिनिधि एवं नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरविंद तूफानी ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं गढ़वा प्रभारी कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर उपस्थित थे।



बैठक में संबोधित करते हुए कहा पूर्व मंत्री कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के साथ किसी तरह समझौता नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जिस प्रकार जन जन के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में लोगों का समर्थन और प्यार मिल रहा है निश्चित रूप से आने वाला 2024 में कांग्रेस की सरकार बनेगी और देश के प्रधानमंत्री के रूप में राहुल गांधी स्थापित होंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने प्रदेश प्रतिनिधियों को एक-एक प्रखंड का दायित्व व संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण कार्य सौंपा।

**प्रदेश प्रतिनिधियों का दायित्व एवं कर्तव्य :** भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के उद्देश्यों को बूथ स्तर तक आम जनता के बीच पहुंचाना, बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान चलाना एवं सशक्त बूथ कमिटी का गठन कराना, प्रखंड, मंडल एवं पंचायत स्तर तक सशक्त कांग्रेस कमिटी का गठन सुनिश्चित कराना, सभी इकाइयों के सफल संचालन हेतु कार्यालय की अनिवार्य स्थापना कराना, प्रत्येक माह की 10 से 15 तारीख के बीच प्रखंड कांग्रेस कमेटी व उसके तहत आनेवाली इकाइयों (मंडल, पंचायत, बूथ कमेटी) की बैठक नियमित रूप से आयोजित कराना, प्रदेश द्वारा नियोजित प्रशिक्षण शिविरों का विभिन्न इकाइयों के स्तर पर आयोजन कराना, राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित पार्टी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित कराना, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की विचारधारा एवं संदेश को प्रिंट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करना शामिल हैं।

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक और बिट्टू पाठक, पूर्व जिला अध्यक्ष राज राजेंद्र प्रताप देव, प्रदेश प्रतिनिधि अलख निरंजन चौबे, सुरेंद्र नाथ तिवारी, श्रीकांत तिवारी आशिक अंसारी आदि शामिल थे।

# खुदरा महंगाई दर में फिर हुई बढ़ोत्तरी

खुदरा महंगाई दर सितंबर में लगातार दूसरे महीने बढ़ कर 7.41 फीसदी पर पहुंच गयी, जो पिछले पांच महीने में सबसे ज्यादा है। इससे रिजर्व बैंक की परेशानी और बढ़ेगी। पिछले महीने खुदरा महंगाई दर में बढ़ोतरी की बड़ी वजह खाने की कीमतों में आयी तेजी है, जो 22 महीने के शिखर पर जा पहुंची। अनाज और सब्जियों के दाम में तेजी की वजह सितंबर में देश के कई हिस्सों में हुई बारिश से सप्लाई में आई बाधा है, जो अस्थायी दिक्कत है। लेकिन कोर इन्फ्लेशन भी ऊंची बनी हुई है। इसमें अनाज और पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन की महंगाई शामिल नहीं की जाती। सितंबर में कोर इन्फ्लेशन 6.1 फीसदी के साथ चार महीने में सबसे अधिक रही। रिजर्व बैंक की परेशानी यह भी है कि पिछले 9 महीने से खुदरा महंगाई दर उसके लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है। आरबीआइ ने इसके लिए 4 फीसदी का लक्ष्य तय किया है और 2 फीसदी कम या ज्यादा की फ्लेक्सिबिलिटी भी रखी है। जिस एक्ट के तहत रिजर्व बैंक काम करता है, उसमें कहा गया है कि 9 महीने तक खुदरा महंगाई दर के लक्ष्य से ऊपर रहने पर उसे सरकार को आने वाले वक्त में इसका अनुमान और उसे नियंत्रित करने के उपाय बताने होंगे। महंगाई कम करने और अमेरिका में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की वजह से रिजर्व बैंक पिछले मई से कर्ज महंगा कर रहा है। कर्ज महंगा होने से डिमांड कम होती है, जिससे महंगाई पर अंकुश लगता है। मई से अब तक आरबीआइ नीतिगत दरों में 1.9 फीसदी की बढ़ोतरी कर चुका है। अभी रीपो रेट 5.9 फीसदी है, जो कोरोना महामारी से पहले के स्तर से भी अधिक है। माना जा रहा है कि दिसंबर के पहले हफ्ते में भी आरबीआइ ब्याज दरों में 0.35 फीसदी का इजाफा कर सकता है। इससे आर्थिक ग्रोथ पर दबाव बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हाल ही में वित्त वर्ष 2023 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटा कर 6.8 फीसदी कर दिया था, जबकि आरबीआइ ने 7 फीसदी का अनुमान रखा है। ब्याज दरों में बढ़ोतरी से डिमांड में कमी आयेगी, जिससे आगे चल कर ग्रोथ और कम हो सकती है। यूं भी अगले साल वैश्विक मंदी के आने का खतरा है। मंदी से भी ग्रोथ में कमी आयेगी, जिसका असर अभी से निर्यात की कमी के रूप में दिखने लगा है। दूसरी तरफ, सरकार का ध्यान ग्रोथ बढ़ाने पर होगा। वह तब रिजर्व बैंक पर डिमांड और इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के लिए ब्याज दरों में कटौती का दबाव बना सकती है। महंगाई कम रखते हुए तेज ग्रोथ की बुनियाद पक्की करना आरबीआइ के लिए आसान नहीं होगा, वह भी ऐसे दौर में जब यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की मौद्रिक नीतियों की वजह से दुनिया भर में आर्थिक अनिश्चितता काफी बढ़ गयी हो।

**ब्याज दरों में बढ़ोतरी से डिमांड में कमी आयेगी, जिससे आगे चल कर ग्रोथ और कम हो सकती है। यूं भी अगले साल वैश्विक मंदी के आने का खतरा है। मंदी से भी ग्रोथ में कमी आयेगी, जिसका असर अभी से निर्यात की कमी के रूप में दिखने लगा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**संघ प्रमुख द्वारा जनसंख्या वृद्धि और असंतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषय का उल्लेख अत्यंत सामयिक है। यह हमारे सामने घटती एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसे यदि समय रहते नहीं रोका गया तो यह राष्ट्र के अस्तित्व को ही संकट में डाल सकती है। गत जुलाई में संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जनसंख्या संभावना-2022 शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके अनुसार आने वाले 15 नवम्बर को विश्व की जनसंख्या 8 अरब हो जायेगी और 2050 तक लगभग 10 अरब तथा यह वृद्धि मुख्यतः 8 देशों में सीमित होगी, जिनमे भारत प्रमुख है।**

# जनसंख्या नियंत्रण पर समग्र नीति बनाने पर गंभीर चिंतन का समय


श्याम जाजू

विजयदशमी के दिन नागपुर में अपने वार्षिक उद्बोधन में संघ प्रमुख श्री मोहन भागवत ने देश में बढ़ती जनसंख्या पर अपनी चिंता व्यक्त की और जनसंख्या नीति पर विचार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की वृद्धि और असंतुलन देश में एक बड़ी समस्या बन रहे हैं और इस पर आने वाले 50 वर्षों को ध्यान में रख कर समग्र नीति बनाने की आवश्यकता है।

संघ प्रमुख द्वारा जनसंख्या वृद्धि और असंतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषय का उल्लेख अत्यंत सामयिक है। यह हमारे सामने घटती एक ऐसी विकराल समस्या है, जिसे यदि समय रहते नहीं रोका गया तो यह राष्ट्र के अस्तित्व को ही संकट में डाल सकती है।

गत जुलाई में संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व जनसंख्या संभावना-2022 शीर्षक से एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसके अनुसार आने वाले 15 नवम्बर को विश्व की जनसंख्या 8 अरब हो जायेगी और 2050 तक लगभग 10 अरब तथा यह वृद्धि मुख्यतः 8 देशों में सीमित होगी, जिनमे भारत प्रमुख है। आज दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या हमारे देश में रहती है, परंतु इसका कुल भूभाग दुनिया का 2.4 प्रतिशत मात्र है। 2011 की जनगणना में हम 121 करोड़ थे, जो अब लगभग 130 करोड़ से ऊपर हो गये हैं और शीघ्र ही चीन को पीछे छोड़ कर जनसंख्या में पहले स्थान पर आ जायेंगे।

**आज दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या हमारे देश में रहती है, परंतु इसका कुल भूभाग दुनिया का 2.4 प्रतिशत मात्र है।**



**जनसंख्या असंतुलन से भौगोलिक सीमाओं में परिवर्तन होता है, जिसका उल्लेख संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया। उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो का जिक्र किया, जिनका सृजन मूल देश में जनसंख्या में संतुलन बिगड़ने से हुआ। समय आ गया है कि अब जनसंख्या नीति बारे गंभीर मंथन हो।**

जनसंख्या की इस भारी वृद्धि के कारण आने वाला समय चुनौतियों से भरा होगा। देश के हर व्यक्ति को न्यूनतम जीवन गुणवत्ता देना हमारे देश के नीति नियंताओं के लिए एक असंभव सा लक्ष्य होगा। जब जनसंख्या विस्फोटक स्थिति में पहुंच जाती है, तो संसाधनों के साथ उसकी गैर-अनुपातिक वृद्धि होने लगती है, इसलिए इसमें स्थिरता लाना जरूरी होता है।

ब्रिटिश अर्थशास्त्री माल्थस के अनुसार, संसाधनों में वृद्धि की तुलना में जनसंख्या दोगुनी रफ्तार से बढ़ती है। यह हम देश में भी देख रहे हैं। इसी असमानता की वजह से भारत विकास की ओर बढ़ते हुए भी वैश्विक सूचकांकों में पिछड़ जाता है।

बढ़ती आबादी आज एक बड़ा और पूरे देश का मुद्दा है। इसके लिए संकीर्ण वर्गीय सोच और दलगत स्वार्थ से परे हट कर कार्य करने की जरूरत है। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि का प्रतिकूल प्रभाव सभी पर पड़ता है। प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव, उनका अत्यधिक दोहन, उत्पादन में कमी, पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, अकाल, बाढ़, सूखा और परिणामतः प्रति व्यक्ति आय में कमी, निर्धनता, बेरोजगारी, अपर्याप्त जीवन, कुपोषण, महामारी और जानपदिक रोग आदि सभी के लिए बढ़ती आबादी जिम्मेदार है।

जनसंख्या वृद्धि के साथ जनसंख्या असंतुलन भी अहम मुद्दा है। भारत की पहचान सर्वपंथ समभाव और वसुधैव कुटुंबकम आदि सद्गुणों से है। तथ्य यह है कि यह पहचान यहां के बहुसंख्यक समाज के कारण बनी है। जनसंख्या का असंतुलन यह सांस्कृतिक पहचान मिटा सकता है। इस दिशा में गंभीरता से सोचने का वक्त आ गया है। भारत में बीते एक दशक में मुस्लिम आबादी में लगभग 2.5 गुना बढ़ोतरी हुई है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, बढ़ती कट्टरता और अहिष्णुता से जुड़ी चिंताओं के केंद्र में है। गत जुलाई में विश्व जनसंख्या दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एक वर्ग विशेष की बढ़ती आबादी पर चिंता भी इसी संदर्भ में थी। उनकी और संघ प्रमुख की चिंता को मजहबी नजरिए से इतर स्वस्थ संदर्भ में देखने की जरूरत है। यह एक सार्वभौमिक सत्य है कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी वर्गों की आबादी पर नियंत्रण रखना अनिवार्य है, अन्यथा देश में संसाधनों के उचित वितरण से जुड़ी समस्याओं के साथ-साथ अराजकता के हालात तक पैदा हो सकते हैं। संघ प्रमुख ने जनसंख्या वृद्धि दर को लेकर एक आंकड़े पर बात करते हुए कहा कि वर्ष 1951 से 2011 के बीच जनसंख्या वृद्धि दर में भारी अंतर के कारण देश की जनसंख्या में जहां भारत में उत्पन्न मत पंथों के अनुयायियों का अनुपात 88 प्रतिशत से घट कर 83.8 प्रतिशत रह गया है, वहीं मुस्लिम जनसंख्या का अनुपात 9.8 प्रतिशत से बढ़ कर 14.23 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि विविध सम्प्रदायों की जनसंख्या वृद्धि दर में भारी अंतर, अनवरत विदेशी घुसपैठ और मतांतरण के कारण देश की समग्र जनसंख्या विशेष कर सीमावर्ती क्षेत्रों की जनसंख्या के अनुपात में बढ़ रहा असंतुलन देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक पहचान के लिए गंभीर संकट का कारण बन गया है।

जनसंख्या असंतुलन से भौगोलिक सीमाओं में परिवर्तन होता है, जिसका उल्लेख संघ प्रमुख मोहन भागवत ने किया। उदाहरण के तौर पर उन्होंने ईस्ट तिमोर, दक्षिण सूडान और कोसोवो का जिक्र किया, जिनका सृजन मूल देश में जनसंख्या में संतुलन बिगड़ने से हुआ। समय आ गया है कि अब जनसंख्या नीति बारे गंभीर मंथन हो। ऐसी समग्र नीति बने, जो सब पर समान रूप से लागू हो। समान नागरिक संहिता इसके लिए पहला सार्थक कदम होगा।

**(लेखक : भाजपा के निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचा सरकारी योजनाओं का लाभ, ग्रामीणों ने सरकार के प्रति जताया आभार

# सरकार की सभी योजना गांव के अंतिम दरवाजे तक पहुंचे यह हेमंत सरकार का लक्ष्य : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के पहल पर पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र बांगुरदा में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से क्षेत्र के जरूरतमंद ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओ का लाभ पहुचाया गया। शुक्रवार को जुगसलाई विधान सभा क्षेत्र के बांगुरदा में आयोजित शिविर में मुख्य अथिति क्षेत्र के विधायक सह सत्तागुरु दल के सचेतक मंगल कालिंदी,विशिष्ट अतिथि 20 सूत्री के उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार शामिल हुए। विधायक ने मौके पर मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों से उनका हालचाल जाना। ग्रामीणों के समस्याओं से अवगत होकर अधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने का निर्देश दिया। उधर विधायक के निर्देश पर लंबे समय से समस्याओं को लेकर भटक रहे ग्रामीणों ने समाधान मिलते ही खुशी जाहिर की। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने विधायक व अन्य झामुमो पदाधिकारियों के समक्ष झारखंड सरकार के प्रति आभार जताया।इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विधायक ने कहा शिविर में आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान, योजनाओं का लाभ, योजना की जानकारी के लिए विभिन्न विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी अलग अलग स्टॉल लगाकर जन सुविधा उपलब्ध करने में जुटे है। ताकि ग्रामीणों की परेशानी दूर किया जा सके।

विधायक मंगल कालिंदी ने कहा सरकार की योजना सभी गांव,टोला,हर घर,हर दरवाजे तक पहुंचा ने का हेमंत सरकार की लक्ष्य है।सरकार के विकास कार्यो को सभी को मिलकर आगे बढ़ाना है। ताकि हम सब मिलकर धरती आबा के झारखण्ड के सपनों को साकार करने में सफल हो सके। 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने कहा हेमंत सरकार की यह सोच हमेशा से रही है, ताकि योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमंद को मिल सके। उन्होंने कहा अगर योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को प्राप्त नहीं होगा,तो योजना बनाने का कोई औचित्य नही रहेगा। उन्होंने कहा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर पार्टी स्तर से सभी नेता व कार्यकर्ता के द्वारा दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

मनोज यादव ने बताया राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सत्ता संभालने के बाद से ही राज्य को उन्नति की ओर अग्रसर करने का प्रयास कर रहे है। बीते 2 साल कोरोना जैसे महामारी के प्रकोप में भी राज्य सरकार ने कई योजनाओं को जनता के बीच लाई है। वर्तमान परिस्थिति में सुधार होते ही सभी योजनाओं के लाभ सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदो तक पहुचे इसके लिए सरकार योजनायो को लेकर ग्रामीणों की दरवाजे तक पहुंच रही है। शिविर में दूर दराज से आये ग्रामीणों के समस्याओं को हर संभव ऑन द स्पॉट समाधान निकाला गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, शेख बदरुद्दीन, मनोज यादव, प्रमोद लाल, सभी सरकारी विभाग के पदाधिकारी, चंद्रशेखर टूडू, अश्विनी महतो, समीर महतो,मंटू महतो, क्षेत्र के सभी झामुमो नेता व कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों का सफल योगदान रहा।

# आजसू पिछड़ा वर्ग महासभा ने सीएम का पुतला फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू पिछड़ा महासभा ने शुक्रवार की शाम साकची गोलचक्कर पर झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व पिछड़ा वर्ग महासभा के जिलाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सदैव ही पिछड़ों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। क्योंकि जब आपको पंचायत चुनाव कराने थे, उससे पूर्व ही पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दे देना चाहिए था, लेकिन सरकार ने पिछड़ों की आवाज को दबा कर उनके हक और अधिकार का हनन किया है और पुनः राज्य में जब नगर निकाय का चुनाव आने को है तो पुनः पिछड़ों के साथ अन्याय हो रहा है। उसके विरोध में आज आजसू पिछड़ा वर्ग महासभा द्वारा सांकेतिक विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से चेतावनी दी जा रही है कि अविलंब नगर निकाय चुनाव से पूर्व पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दें, अन्यथा इसका विरोध पूरे राज्य में व्यापक रूप से किया जाएगा और उस आंदोलन में पूरा आजसू परिवार सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगा। कार्यक्रम में राजेश चौधरी, देवाशीष चौधरी, आशीष नामता, अशोक मंडल, मंजीत यादव, संजय मलाकार, संजय सिंह, सावित्री यादव, उमाशंकर सिंह, हेमंत पाठक, विमल मौर्या, कंचन देवी, पुष्पा देवी, ममता देवी, संगीता देवी, मोनी देवी, सोनू सिंह, राजेश महतो, जगदीप सिंह, अभय गौड़, साहेब बागती उपस्थित थे।

# टाटानगर से जनजातीय युवतियों का तीसरा जत्था बेंगलुरु रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर हुसूर में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिए चयनित जनजातीय युवतियों का तीसरा जत्था आज टाटानगर से बेंगलुरु के लिए रवाना हुई। इस बार 106 युवतियों को शुक्रवार को ट्रेन से टाटा नगर से रवाना किया गया। युवतियों ने अर्जुन मुंडा को रोजगार प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। यह वास्तव में जनजातीय समुदाय के लिए टाटा समूह की एक बड़ी पहल है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स इन इंटर पास छात्राओं को कौशल विकास के साथ रोजगार मुहैया करायेगी। एक वर्ष की ट्रेनिंग अवधि पूरी होने के बाद टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स उन्हें स्थायी रूप से नौकरी देगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान उन्हें हर माह स्टाइपेंड और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी।

# सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के नव पुनर्निर्मित हॉल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तीसरे तल्ले पर नव पुनर्निर्मित केपी सभागार का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जियाडा के क्षेत्रीय निर्देशक प्रेम रंजन, कमल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने संयुक्त रूप हॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र के दौरान चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, निर्मल काबरा, अशोक भालोटिया, ऐ के श्रीवास्तव, आरके चौधरी, उमेश काउंटिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कमल अग्रवाल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने पूर्व अध्यक्षों, सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों सहित सिंहभूम चैंबर के कमल अग्रवाल का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा स्वर्गीय माता पिता एवं स्व. तारा देवी सुरजमल अग्रवाल की स्मृति में हॉल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण किया गया। कमल अग्रवाल ने कहा वह जीर्णोद्धार कार्य से प्रसन्न हैं। उन्होंने अपने माता पिता की स्मृति में बने हॉल को नया रूप देने का अवसर देने के लिए चैंबर के सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। उद्घाटन समारोह में सिंहभूम चैंबर के पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, निर्मल काबरा, अशोक भालोटिया, ऐ के श्रीवास्तव, आरके चौधरी, उमेश काउंटिया, जीआर गोलछा, अध्यक्ष विजय आनंद मुनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष ट्रेड एंड कॉमर्स नितेश धूत, उपाध्यक्ष टैक्स एंड फाइनेंस सीए दिलीप गोलछा, उपाध्यक्ष पीआरडब्लू मुकेश मित्तल, सचिव ट्रेड एंड कॉमर्स अनिल मोदी, सचिव टैक्स एंड फाइनेंस एडवोकेट पीयूष चौधरी, सचिव इंडस्ट्रीज सावरमल शर्मा, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, राजीव अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, अशोक चौधरी, संतोष खेतान, निर्मल काबरा, नरेश मोदी, अशोक मोदी, दिलीप गोयल, जीवन नरेडी, संदीप मुरारका, लिप्पू शर्मा, उमेश खिरवाल, ओमप्रकाश रिंगसिया, संकर गुप्ता, आकाश मोदी, आनंद चौधरी, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, विश्वनाथ शर्मा, पवन नरेड़ी, राजेश रिंगासिया सहित चैंबर के सदस्य उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री जलेश्वर के बाद विधायक ढुल्लू ने प्रेस वार्ता कर लगाया जलेश्वर पर आरोप

# गड़ेरिया गोलीकांड ने लिया राजनीतिक रंग, भाजपा कांग्रेस आमने-सामने, क्षेत्र में धारा 144 लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/लोयाबाद।** केंदुआडीह थाना क्षेत्र के गड़ेरिया नीमतल्ला गोलीकांड का मामला राजनीतिक रंग में रंगते जा रहा है। मामले में विधायक ढुल्लू के आरोपी बनने के बाद गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने विधायक के खिलाफ प्रेस वार्ता की थी उसी के प्रतिवाद में शुक्रवार को विधायक ढुल्लू ने भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ धनबाद में प्रेस वार्ता कर जलेश्वर महतो पर कई आरोप लगाए है, जिससे राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। वही जिला प्रशासन ने मामले की जड़



बांसजोड़ा कांटा घर के 500 से 700 मीटर के दायरे में धारा 144 लगा दिया है।

**सीबीआइ जांच करवा ले सरकारः** विधायक ढुल्लू ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की जलेश्वर महतो जानबूझकर मुकदमे में उनका नाम डलवाते है। जोगता, निचितपुर गोलीकांड में भी उनपर आरोप लगाया गया था लेकिन जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया था। जलेश्वर ही गोली चलवाते है और दूसरे पर आरोप लगाते है। सरकार उनकी पार्टी की है वे मामले की सीबीआई जांच करवा ले। बाघमारा क्षेत्र को साजिश के तहत घटना को अंजाम देकर बदनाम किया जा रहा है। क्षेत्र में अब तक जितनी भी घटनाएं घटी है उन सबकी जांच के लिए हाईकोर्ट में पीआईएल दायर कर जांच का अनुरोध करेंगे। हमेशा मजदूर हित की लड़ाई लड़ते रहेंगे। गोली बम की राजनीति न कभी की है और न करेंगे। मौजूदा सरकार में जेल से रंगदारी मांगी जा रही है। मामले में मुख्यमंत्री, डीजीपी,बाबूलाल मरांडी को पत्र लिखकर जांच करवाने की मांग किए है।

### यादव समाज के लोगों ने थाना पहुंच पुलिस कार्रवाई पर जताया विरोध

# पशु लदे छह पिकअप वैन को पुलिस ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास/महुदा।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के धमाबांध ओपी क्षेत्र अंतर्गत सोनार डीह रेलवे फाटक के समीप गुरुवार की देर रात 6 पिक अप वैनों पर लदे गौवंश पकड़े जाने मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को वाहन के सभी 6 चालको को जेल भेज दिया गया। सभी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है, वही इस कार्रवाई से क्षुब्ध होकर यादव समाज के लोगों ने पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया है। कहा है की दुधारू पशु जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लाया जा रहा था,स्थानीय एक संगठन के कुछ लोगों जानबूझकर खटाल संचालकों को परेशान करने के लिए वाहन पर लदे दुधारू पशुओं को थाने के हवाले कर दिया। पुलिस ने जब्त सभी गौवंश को स्थानीय



खटाल संचालक को जिम्मेनामा पर सौंप दिया है। उल्लेखनीय है की गुरुवार की देर रात स्थानीय एक संगठन के लोगों ने गोवंश लदे 6 पिकअप वैन को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया था वही कई पिकअप वन इस दौरान भीड़ से भाग निकले थे। **यादव समाज ने पुलिस कार्रवाई का किया विरोध :** वही मामले में यादव समाज के युवा जिलाध्यक्ष चुन्ना यादव ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई बर्बरतापूर्ण है। गुरुवार रात कतरास झरिया धनबाद निरसा आदि खटालो के व्यापारी दुधारू गाय खरीद कर गाड़ी से अपने-अपने खटाल ले जा रहे थे। धमाबांध ओपी के समीप कुछ युवकों ने उनकी गाड़ी को रोककर पैसों की मांग करने लगे। व्यापारियों द्वारा पैसे नहीं देने पर गाड़ी रोककर पशु तस्कर साबित करते हुए पुलिस को को सौंप दिया। पुलिस को सच्चाई की जांच करनी चाहिए, इस तरह की कार्रवाई से खटाल संचालकों में आक्रोश है वे सभी दूध का व्यापार बंद कर सड़क पर आंदोलन को बाध्य हो जाएंगे।

**मामला दर्ज कर 6 को भेजा गया जेल**

**इस संबंध में धमाबांध ओपी प्रभारी पुनीत मिंज ने कहा की ग्रामीणों के सूचना पर पुलिस ने मवेशियों से लदा वाहन जब्त किया है। वरीय पुलिस अधिकारी के निर्देश पर पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर 6 लोगों को जेल भेजा गया है।**


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**-:: शुद्धि पत्र ::-**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा (Construction of Sub Divisional Laboratory of Sub-Division No.-02 Hazaribag at Barkagaon Block) P.R. No.:-279359 Drinking Water and Sanitation (20-21)_D को अपरिहार्य कारणवश एतद् द्वारा निम्नरूपेण आंशिक संशोधन किया जाता है–

| Sl. No. | Particulars | After Amendment |
|---|---|---|
| 2 | Date of Tender uploading in website | Date:- 15.10.2022 at 11.00 AM |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 20.10.2022 upto 05.00 PM |
| 4 | Last date submission cost of BOQ and EMD ( in hard copy) | Date:- 21.10.2022 upto 03.00 PM in the office of the<br>1. Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribag<br>2. Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation Circle, Hazaribag |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 22.10.2022 at 11.00 AM |

शेष सभी शर्त्ते यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता

PR.NO.279966 Drinking Water and Sanitation(22-23):D पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग।


### ठेका मजदूरों ने किया सेल चासनाला अपर सीम खदान का कार्य ठप, भाजपा नेता पर लगाया आरोप

# चासनाला पहुंची भाजपा नेत्री रागिनी- कहा, जो मजदूर हित में नहीं, वो मेरा हितैषी नहीं

आजाद सिपाही संवादाता

**झरिया।** झरिया क्षेत्र अंतर्गत चासनाला सेल के अपर सीम में कार्यरत मजदूर समस्या को लेकर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह चासनाला पहुंची, जहां मजदूरों के साथ वार्ता की। कहा जो मजदूरों के साथ लड़ाई लड़ेगा, वो मजदूरों से नही मुझसे से लड़ाई लड़ेगा।



**क्या था मामला :** सूचना के अनुसार शुक्रवार को भाजपा नेता और सेल अधिकारी के शोषण से परेशान अपर सीम परियोजना में कार्यरत सैकड़ो ठेका मजदूरों ने खदान का कार्य ठप करते हुए भाजपा नेता अभिषेक सिंह का विरोध किया, साथ ही मुदार्बाद के नारे लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया, प्रदर्शन कर रहे ठेका मजदूरों ने आरोप लगाते हुए कहा कि तथाकथित एक भाजपा नेता अभिषेक सिंह मजदूरों से अवैध पैसा वसूली कर रहा है, विगत दो साल से अपर सीम खदान का काम बंद था जिस कारण मजदूरों की भुखमरी के हालात उत्पन्न हो गई थी, किसी तरह से यहा के यूनियन नेता और अधिकारियों ने मिलकर मजदूरों के लिए यह अपर सीम खदान को पुनः चालू करवाया है, और मजदूर खुशी से इस खदान में काम करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन लोको बाजार के तथाकथित एक भाजपा नेता अभिषेक सिंह और सेल के कुछ अधिकारी मिलकर मजदूरों से पैसा मांग रहे हैं। जिससे मजदूरों में उबाल है, उनका कहना है की अपना जान दे देंगे किंतु इस खदान को बंद नहीं होने देंगे और ना ही अभिषेक सिंह को को कोई पैसा देंगे।

**मजदूरों ने जताया भाजपा नेत्री रागिनी का आभार**

**मामले की सूचना पर मजदूरों के समक्ष पहुंची श्रीमती सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो लोग मजदूर भाई बहन के हितैषी नहीं हैं वे किसी के हितैषी नहीं। वैसे लोगों का वे हमेशा विरोध करती थी करती हैं और करती रहेंगी। मजदूरों का शोषण करने वाले चाहे मेरे परिवार का कोई सदस्य क्यों ना हो मैं उनके खिलाफ हमेशा खड़ी रहूंगी। मजदूरों की हक की लड़ाई और मजदूर हित में जो कुछ भी करना पड़ेगा वह मैं करूंगी। उन्होंने कहा कि मेरा यह प्रयास रहेगा की जल्द ही मजदूर भाइयों बहनों को उनका रोजगार पुनः प्राप्त हो इसके लिए उन्हें जहां भी जाना पड़े बात करना पड़े वह इसके लिए पूर्ण रूप से तैयार है। जिसके बाद मजदूरों ने श्रीमती सिंह का आभार जताते हुए जिंदाबाद के नारे लगाए और सदैव साथ देने की बात कही। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव, भाजपा जिला मंत्री पूनम देवी, अखिलेश सिंह, जोरापोखर मंडल अध्यक्ष अभिषेक पांडेय, साजन सिंह, शैलेंद्र सिंह, रंजीत रवानी, रंजय सिंह,विशाल श्रीवास्तव,चीकू महतो, शशिकांत निराला, अंशु मिश्रा, सौरभ मिश्रा, विमल सिंह के अलावा सैकड़ों की संख्या में मजदूर एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।**


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–**
**उपायुक्त का कार्यालय, सिमडेगा**

**आम सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के द्वारा पत्रांक–2276 दिनांक 30.09.2022 के द्वारा आगामी नगरपालिका आमचुनाव 2023 के निमित मतदान केन्द्रों की सूची का प्रारूप प्रकाशन निम्नवत् की जाती है–

**नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2023 के मतदान केन्द्रों की सूची का प्रारूप प्रकाशन जिला–सिमडेगा**

| क्रं0 | मतदान केन्द्र संख्या | भवन एवं स्थल जहाँ मतदान केन्द्र अवस्थित है (पता) | मतदान केन्द्र का विस्तार (मुहल्ला/गली आदि) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–01/1 | राजकीय मध्य विद्यालय, मैनाबेड़ा | आनन्दनगर, खमनटोली, रूंगटूटोली, मैनाबेड़ा, ढावठाटोली, बेहराटोली, बेरीटोली गड़राबहार, बरटोली। |
| 2 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–02/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, डिफेंस कॉलोनी (ठाकुरटोली) | बखरीटोली, भोगताटोली, हरिजनटोली (पश्चिमी), डिफेन्स कॉलोनी, ढेबरग्राम (पश्चिमी), ठाकुरटोली (पश्चिमी)। |
| 3 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–03/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, कुबीटोली | कुबीटोली, भुडूटोली (पश्चिमी)। |
| 4 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–03/2 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, भुडूटोली | सोनारटोली, (पश्चिमी), हरिजनटोली (पूर्वी), ढेबरग्राम (पूर्वी), हेलेनपुर। |
| 5 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–04/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, बरटोली | भुडूटोली (पूर्वी), घोड़बहार, रानेटोली, बासेनटोली, राईटोली, मोदीटोली, बरटोली। |
| 6 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–04/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, मुण्डाटोली | सोनारटोली (पूवी), प्रिन्स चौक, माझाटोली, गोपमहल्ला (अहिरटोली), समाहरणालय, तेतरटोली, आमटोंगरीटोली। |
| 7 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–05/1 | प्राथमिक विद्यालय, सलडेगा टोंगरीटोली | शिशु मंदिर महल्ला, चैलीटोंगरीटोली। |
| 8 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–05/2 | सामुदायिक भवन, देवीगुड़ी महल्ला | पहानटोली, देवीगुड़ी महल्ला। |
| 9 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–06/1 | सिमडेगा क्लब, सिमडेगा | गाँधी मैदान मोहल्ला, क्लबटोली, पशु अस्पताल, कुम्हारटोली खास। |
| 10 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–06/2 | कृषि फार्म, सलडेगा | सलडेगा खास। |
| 11 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–07/1 | तसर सेन्टर, सिमडेगा | तसर सेन्टर महल्ला, कुन्जनगर, सदर अस्पताल। |
| 12 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–07/2 | सामुदायिक भवन, कुजनगर | सलडेगा डीपाटोली, श्याम पथ महल्ला। |
| 13 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–08/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, डिप्टीटोली | डिप्टीटोली, क्लबटोली। |
| 14 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–08/2 | राजकीय मध्य विद्यालय, ठाकुरटोली | थानाटोली, ठाकुरटोली (दक्षिणी)। |
| 15 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–09/1 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (दक्षिणी भाग) | सुन्दरपुर। |
| 16 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–09/2 | संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय, सामटोली (उत्तरी भाग) | मरियमपुर, फनुएलटोली, नयाटोली, वन विभाग। |
| 17 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–10/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, पुरनापानी | पांडेटोली, पुरनापानी (उत्तरी), नवाटोली, केलेटोली, पुरनापानी (दक्षिणी)। |
| 18 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–11/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, महतोटोली | बसस्टैण्ड, डी0सी0 आवास, जेल परिसर, खिजरी गढ़ाटोली। |
| 19 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–11/2 | राज्य सम्पोषित बालक उच्च विद्यालय, सिमडेगा | पुष्पुर, महतोटोली, नया सामटोली, पुराना सामटोली। |
| 20 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–12/1 | सामुदायिक भवन, नीचेबाजार | साहु महल्ला, नीचेबाजार (पश्चिमी), डेली मार्केट। |
| 21 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–12/2 | सामुदायिक भवन, बाजारटोली | बाजारटोली (पूर्वी), रोहिल्ला पथ, महावीर मन्दिर, गुलजार गली। |
| 22 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–13/1 | राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, हरिहरपुर | रामजानकी मन्दिर महल्ला, हरिपुर, मारवाडी महल्ला (मेन रोड से पूरब)। |
| 23 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–14/1 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (पूर्वी भाग) | पावर हाउस महल्ला (रामनगर उत्तरी), नैगमटोली (उत्तरी), घोचोटोली मेन रोड, बुधराटोली। |
| 24 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–14/2 | राजकीयकृत मध्य विद्यालय, घोचोटोली (दक्षिणी भाग) | स्कूल महल्ला, शांतिनगर, दीपनगर, गढ़ाटोली, बेड़ाटोली (केलाघाघ रोड तक)। |
| 25 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–15/1 | सामुदायिक भवन, ईदगाह मुहल्ला | भट्ठीटोली (पश्चिमी), बीच महल्ला। |
| 26 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–15/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, ईदगाह मुहल्ला | ईदगाह महल्ला (पश्चिमी), कॉलेज टोली (पूर्वी)। |
| 27 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–16/1 | आंगनबाड़ी केन्द्र, खिजरी | खिजरी खास, पहाड़ तराई, तारापुर, बाजारटोली (पश्चिमी)। |
| 28 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–17/1 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सांयपुर (उत्तरी भाग) | सांयपुर खास, जितियाटोली। |
| 29 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–17/2 | राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सांयपुर (दक्षिणी भाग) | गालुटोली, खूंटीटोली, कॉलेज परिसर, लोहराटोली। |
| 30 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–18/1 | सामुदायिक भवन, डुमरटोली | डूमरटोली, कॉलेजटोली (दक्षिणी), सोसोटोली, कुम्बाटोली, गोसांई महल्ला, टांगराटोली, पतराटोली। |
| 31 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–18/2 | आंगनबाड़ी केन्द्र, खैरनटोली | खैरनटोली (पश्चिमी)। |
| 32 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–19/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पश्चिमी भाग) | ईदगाह महल्ला (पूर्वी), भट्ठीटोली (पूर्वी)। |
| 33 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–19/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, भट्ठीटोली (पूर्वी भाग) | नैगमटोली (दक्षिणी), पावर हाउस महल्ला (रामनगर) (दक्षिणी)। |
| 34 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–20/1 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पश्चिमी भाग) | खैरनटोली (पूर्वी)। |
| 35 | XXI सिमडेगा/16 सिमडेगा नगर परिषद (वर्ग–ख)/वार्ड संख्या–20/2 | राजकीय उर्दू मध्य विद्यालय, खैरनटोली (पूर्वी भाग) | नहरटोली, खरवाटोली, तलाब महल्ला, मोजाहिद महल्ला, स्कूल महल्ला। |

**मतदान केन्द्रों की स्थापना संबंधी निर्धारित कार्यक्रम**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | मतदाताओं के संबंधन के साथ मतदान केन्द्रों के प्रारूप सूची का प्रकाशन | 07.10.2022 से 14.10.2022 |
| 2 | प्रकाशन अवधि में प्राप्त आपतियां/सुझाव का निष्पादन | 22.10.2022 तक |
| 3 | प्राप्त आपतियां/सुझाव के निष्पादन उपरांत संशोधित सूची आयोग को उपलब्ध कराना तथा प्रपत्र–A पर आयोग का अनुमोदन | 28.10.2022 तक |
| 4 | मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन | 29.10.2022 तक |

उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 279874 District(22-23)#D


## कवि बैजनाथ प्रसाद बने भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के बोकारो जिला अध्यक्ष



**करगली(बेरमो)।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की बैठक कथारा के गायत्री कॉलोनी में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ओझा तथा संचालन कवि बैजनाथ प्रसाद ने की। बैठक मे सर्वसम्मति से कवि बैजनाथ प्रसाद को जिला अध्यक्ष चुना गया। कमिटी की विस्तार की जिम्मेदारी अध?यक्ष को दी गयी। इस मौके पर मुख्य रुप से भोजपुरी संघर्ष वाहिनी झारखण?ड के संयोजक लाखन सिंह उपस्थित थे। बैठक मे संगठन के विस्तार एवं कवि सम्मेलन कराने की भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगामी दिसम्बर के अंत सप्ताह मे प्रदेश स्तर पर संगठन का सम्मेलन होगा, और कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश संगठन सचिव जितेन्दर त्रिपाठी ने की। बैठक मे नरेन्द्र कुमार सिह, जय प्रकाश, अनिल कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, रामजी नायक, सुनील कुमार, भगवान सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# कुआं से मिला मां और दूधमुंही बच्ची का शव, पति हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र के बाघमारा पंचायत स्थित सरियाभीटा गांव के एक कुएं से बलियापुर पुलिस ने शुक्रवार को सड़ी गली अवस्था में 27 वर्षीय मंगला देवी एवं उसके 6 माह की दूधमुंही बच्ची रीता कुमारी का शव बरामद किया है। शव का पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएस धनबाद भेज दिया। थाना प्रभारी पंकज वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला स्पष्ट हो पाएगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही पुलिस ने पूछताछ के लिए मृतका के पति को हिरासत में



लेकर बलियापुर थाना लाई है। **पति पत्नी के बीच रहता था विवाद :** बताया जा रहा है कि मृतका एवं उसकी नवजात बच्ची एक हफ्ता से लापता थी। वह पन्नालाल महतो की दूसरी पत्नी थी। उसका मायके बंगाल के गुरुडीह गांव में है। आए दिन पति पत्नी में अनबन बना रहता था। 1 सप्ताह से लापता होने के बावजूद पति पाना लाल महतो द्वारा बलियापुर पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। गुरुवार की देर रात कुएं में शव मिलने की घटना की जानकारी पंचायत के मुखिया पति संजीत गोराई को मिली। देर रात होने के कारण मुखिया पति ने इसकी सूचना दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह बलियापुर थाना को दी। सूचना पर बलियापुर पुलिस घटनास्थल पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से मां और बच्ची के शव को बाहर निकाला।

### झारखंड प्रदेश आदिवासी कुडमी युवा मंच ने राजनेताओं के खिलाफ किया आंदोलन

# सांसदों के पुतले को सूली पर चढ़ा जताया विरोध

**विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में आए कुड़मी जाति के लोगों ने गोल्फ ग्राउंड से पैदल यात्रा निकाली**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कुडमी जाति को केंद्र सरकार द्वारा अनुसूचित जाति में शामिल होने से पुनःबाहर कर दिए जाने के कारण झारखंड के कुडमी जनजाति समाज में राज्य और केंद्र सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। झारखंड प्रदेश आदिवासी कुडमी युवा मंच ने कुड़मी विरोधी राजनेताओं के खिलाफ शुक्रवार को सड़क पर उतर जोरदार आंदोलन किया। विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में आए कुड़मी



जाति के लोगों ने गोल्फ ग्राउंड से पैदल यात्रा निकाली। रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर यह पैदल यात्रा सभा में तब्दील हो गई। युवा समाज ने आक्रोश दिखाते हुए राज्य के सभी 12 लोकसभा सांसद और छह राज्यसभा सांसद के पुतले को सूली पर चढ़ाते हुए विरोध जताया। कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता मंटू महतो ने अपने संबोधन में कहा झारखंड के कुडमी जनजाति राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक बोली भाषा नेताधारी, रहन-सहन व्यवसाय दूसरी तरफ संवैधानिक पद अनुच्छेद 342-1 के अनुसार यह समाज अपनी पूरी अहर्ता पूरी करने के बाद भी अकारण तत्कालीन कांग्रेस सरकार के द्वारा बगैर कारण के रीशेड्यूल नहीं किया। झारखंड के भूमि संपदा को लूटने का चारागाह बनाने उपनिवेशवाद बनाने की मंशा से कुडमी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल नहीं किया गया। तब से अभी तक निरंतर यह जनजाति झारखंड, बंगाल,उड़ीसा में अपने हक और पहचान के लिए संघर्षरत है। अब डीएनए भी वैज्ञानिक पक्ष में कुड़मी जाति को आदिवासी प्रमाणित करती हैं फिर क्यों केंद्र सरकार कुड़मी जाति को छांट दे रही है। मंटू महतो ने कहा केंद्र सरकार यहां आदिवासियों की संख्या को कम करना चाहती है ताकि छठी अनुसूची से झारखंड हमेशा बाहर रहे और यह राज्य आदिवासी राज्य नहीं बन पाए और धीरे-धीरे पांचवी अनुसूची भी खतरा में पड़ गया।

केंद्र की बीजेपी सरकार चाहे तो कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर इस जनजाति को सुरक्षित कर सकती है।

कार्यक्रम में चौधरी चरण महतो, हलधर महतो, दीपक महतो, विश्वनाथ महतो, शेखर महतो, बबलू महतो, सौरभ महतो, सचिन महतो मनीष महतो, सदानंद महतो, नरेश महतो, रिंकू मुखिया समेत अन्य लोग शामिल थे।

## समीक्षा : संबलपुर में सांसदों की संभागीय समिति की बैठक

# रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की




**संबलपुर स्टेशन के विकास की भी सराहना की गयी**

**सांसदों द्वारा उठाये गये रेलवे के मुद्दों पर कई रचनात्मक विचारों, बहुमूल्य सलाह और सार्वजनिक मांगों पर चर्चा**

आजाद सिपाहीसंवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर रेल मंडल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले रेलवे मुद्दों पर संसद सदस्यों (सांसदों) के साथ शुक्रवार को संबलपुर में बैठक हुई। इसमें भाग लेने वाले सांसदों में सुरेश पुजारी, निरंजन बिशी, सप्तगिरी शंकर उलाका, बसंत कुमार पंडा, नितेश गंगा देब शामिल थे। बैठक में बलांगीर सांसद संगीता कुमारी सिंह देव के प्रत्याशी राजेश अग्रवाल एवं राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार के प्रत्याशी सुमित कुमार राउत भी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक (स्वतंत्र प्रभार), शरद कुमार श्रीवास्तव और डीआरएम/संबलपुर विनीत सिंह सहित पूर्व तट रेलवे के सभी विभागाध्यक्ष शामिल हुए। सांसदों द्वारा रेलवे के मुद्दों पर कई रचनात्मक विचार, बहुमूल्य सलाह और सार्वजनिक मांगें उठायी गयीं। इनमें रेलवे नेटवर्क के विकास के मुद्दे, सार्वजनिक आकांक्षाओं को दर्शाने वाली सार्वजनिक मांगें सहित पूर्वी तट रेलवे के कामकाज की समीक्षा की गयी। कोविड-19 महामारी की अवधि के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका के लिए भी रेलवे की प्रशंसा की गयी।

संबलपुर मंडल के अधिकार क्षेत्र में सांसदों की मांगों के अलावा विभिन्न विकास कार्यों की योजना बनायी जा रही है और कई कार्य चल रहे हैं। संबलपुर स्टेशन सहित संबलपुर मंडल में नौ स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन की योजना बनायी गयी है। इनमें संबलपुर रेलवे स्टेशन का विकास का काम जल्द से जल्द पूरा किया जायेगा। वेटिंग हॉल और वीआइपी लाउंज, आरसीसी ड्रेन के साथ बिटुमेन टॉप रोड, पाथवे, पोर्टिको कवर शेड, प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग स्थल, मौजूदा स्टेशन भवन का नवीनीकरण, सकुर्लेटिंग क्षेत्र में बागवानी और भूनिर्माण कार्य, स्टेशन के विद्युत संबंधी कार्य जैसे सकुर्लेटिंग एरिया की रोशनी और अन्य यात्री सुविधाओं और सिग्नल और दूरसंचार कार्यों को विकास कार्यों में शामिल किया जायेगा।

## 18 को होनेवाले सम्मान समारोह के सफल आयोजन को लेकर धनवार में बैठक

# भाजपा कार्यकर्ता समन्वय बना कर परिवार की तरह काम करें : बाबूलाल

**पंचायत चुनाव में निर्वाचित भाजपा समर्थित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया एवं जिला परिषद सदस्य सम्मानित होंगे**

### कार्यकर्ता और प्रतिनिधि तन मन से काम करें : लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में निर्वाचित भाजपा समर्थित मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, उप मुखिया एवं जिला परिषद सदस्यों को 18 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में अभिनंदन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर सम्मानित किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को धनवार टाउन हॉल में गिरिडीह जिला के तीन विधानसभा धनवार, बगोदर, जमुआ की संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता में हुई। संचालन सुभाष चंद्र सिन्हा ने किया।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा विधायक दल के नेता सह धनवार विधायक बाबूलाल मरांडी, बगोदरब के पूर्व विद्यायक नागेंद्र महतो, पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह, नुनुलाल मरांडी, अमित तिवारी आदि ने भाग लिया। शुरुआत में महापुरुषों की फोटो पर पुष्प अर्पित कर की गयी। श्री मरांडी ने अपने संबोधन में जनता को सर्वोपरि बताते हुए संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। कहा कि संगठन में सभी लोग समन्वय बना कर एक परिवार की तरह काम करें। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के कार्यकाल में सभी जगह लूट मची है। श्री मरांडी ने तीनों विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री से भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों का एक एक कर आंकड़ा भी लिया।

पूर्व आइजी श्री सिंह ने पूरे प्रदेश में तीनों विधानसभा में जीते भाजपा समर्थित सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अभिनंदन समारोह में रांची पहुंचने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जिस तरह से देश को आगे ले जा रहे है। कार्यकर्ताओं एवं प्रतिनिधियों को भी उसी लय-ताल में तन मन से काम करने की जरूरत है। पूर्व विधायक नगेंदर महतो ने मंच- मोर्चा का विस्तार करने पर बल दिया। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील अग्रवाल, नवीन सिन्हा, छोटेलाल यादव, दिनेश यादव, पवन साव, उदय सिंह, उपेंद्र सिंह, नंदलाल साव, मंडल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता, महेंद्र राय, राजेद्र यादव, लाल गोविंद मिश्रा, प्रधुमन वर्मा, विनोद मिस्टकार, महामंत्री अशोक राय, मंटू कुमार पंकज, सुशील राय, श्रीकांत राय, शशिभूषण पांडेय आदि कई लोग मौजूद थे।

## गोलंथरा पुलिस को मिली कामयाबी भारी मात्रा में गुटखा और मशीन जब्त



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ब्रह्मपुर गोलंथरा पुलिस की छापा मारी में भारी मात्रा में गुटखा, गुटखा सामग्री और विभिन्न मशीनें जब्त की गयीं। पुलिस ने जब्त किये गये सामान की अनुमानित कीमत 10 करोड़ रुपये की आकलन किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ब्रह्मपुर एसपी ने जानकारी दी है कि पुलिस ने प्रमुख करपदार पी गोपाल कृष्ण राव को गिरफ्तार करने के लिए कदम उठा रही है। पुलिस ने 2016 में हलदिआपदर की इस गुटखा यूनिट पर छापा मारा था, तब भी पी गोपाल कृष्ण के नाम से मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब एक बार फिर पुलिस ने अवैध गुटखा बनाने वाली यूनिट पर छापा मारा है और आगे की जांच कर रही है।

## स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए जागृति महिला मंडल की नयी पहल



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह, दो उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल औररश्मि बेहुरा ने रेगुलटेरी पारा के ग्रामीणों को स्टेन लेस स्टील की कलश, ढक्कन और पानी को निकालने के लिए बर्तन वितरित किया गया, ताकि वो साफ पानी का संचयन और स्वच्छ पानी सेवन कर सकें। मौके पर मंडल कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मां भारती के सपूत वेबसाइट लॉन्च की

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक परिसर में मां भारती के सपूत' वेबसाइट लॉन्च की। राजनाथ ने इस वेबसाइट की लॉन्चिंग मेमोरियल कॉप्लेक्स में हुए एक समारोह के दौरान की। यह वेबसाइट देश के उन नागरिकों के लिए बनाया गया है, जो जंग के दौरान शहीद हुए या घायल हुए जवानों के परिजनों के लिए योगदान देंगे। वेबसाइट के तहत 1,217 घायलों को पहले ही मुआवजा दिया जा चुका है। अभिनेता अमिताभ बच्चन इसके गुडविल एंबेसडर हैं।

# हिमाचल-गुजरात में वोटिंग अलग, नतीजे साथ

## हिमाचल में 12 नवंबर को पोलिंग, 8 दिसंबर को रिजल्ट

**बीच के 26 दिन में गुजरात चुनाव संभव**




हिमाचल विधानसभा चुनाव 2022

| सीटें | नामांकन | वोटिंग | नतीजे |
|---|---|---|---|
| 68 | 17-25 अक्टूबर | 12 नवंबर | 8 दिसंबर |

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सिंगल फेज में 12 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। नतीजे 8 दिसंबर को घोषित होंगे। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। हिमाचल विधानसभा का कार्यकाल 8 जनवरी 2023 को खत्म हो रहा है। इसी साल गुजरात में भी विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन आयोग ने वहां के लिए इलेक्शन शेड्यूल का ऐलान नहीं किया है। इधर, हिमाचल में 12 नवंबर को वोट डालने के बाद से नतीजे आने की तारीख 8 दिसंबर के बीच 26 दिन का समय है। माना जा रहा है कि गुजरात में विधानसभा चुनाव इन 26 दिन में ही कराये जायेंगे। चुनाव आयोग ने कहा- इस मामले में कई तथ्यों पर विचार किया गया। इनमें तारीखों का ऐलान, तारीखों के बीच अंतर और मौसम शामिल हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने 2017 का पैटर्न ही फॉलो किया, जब गुजरात और हिमाचल के चुनाव अलग-अलग तारीखों में कराये गये थे। बता दें कि 2017 में भी हिमाचल में विधानसभा चुनाव की घोषणा 13 अक्टूबर को हुई थी, जबकि, ठीक 12वें दिन गुजरात विधानसभा चुनाव का ऐलान किया गया था। तब हिमाचल में 9 नवंबर को 68 सीटों पर वोटिंग करवाई गयी थी, जबकि, गुजरात में दो फेज में 9 और 14 दिसंबर को पोलिंग हुई थी। दोनों राज्यों में 18 दिसंबर को रिजल्ट की घोषणा की गयी थी।

# एमसीएल की पहल : 25 प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं को मिलेगी नौकरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीआइपीइटी), भुवनेश्वर में 25 'दिव्यांग' युवाओं को 'प्लास्टिक सामग्री के परीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण' पर 6 महीने का पूर्ण आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में दिव्यांग युवाओं को आत्मानिभर बनाने के लिए विभिन्न प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों से पूर्णता और ज्वाइनिंग लेटर का प्रमाण पत्र सौंपा गया।

एमसीएल द्वारा अपनी सीएसआर पहल के तहत शुरू की गयी दिव्यांगों को कौशल विकास और रोजगार के अवसर मुहैया करने की योजना अद्वितीय है। इसके अलावे एमसीएल ने अपने परियोजना क्षेत्रों के दिव्यांग युवाओं को 6 महीने का आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उक्ढएळ भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) में हस्ताक्षर किया है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**